


दैनिक

# सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन

वर्ष 54/ अंक 173/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10

संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल

■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, सोमवार 20 जनवरी 2025 भोपाल से प्रकाशित

dainiksandhyaprakash.in




सांध्यप्रकाश विशेष

## मुकेश और नीता अंबानी ने अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से की मुलाकात, शपथ ग्रहण में भी होंगे शामिल



**नई दिल्ली।** अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शपथ ग्रहण समारोह से पहले रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी और रिलायंस फाउंडेशन की चेयरपर्सन नीता अंबानी से मुलाकात की। दरअसल, ट्रंप के शपथ ग्रहण से एक दिन पहले 18 जनवरी को वाशिंगटन डीसी में एक खास कैंडललाइट डिनर का आयोजन किया गया। इस डिनर में मुकेश और नीता अंबानी सहित कई उद्योग जगत के प्रमुख लोग मौजूद थे।

इस डिनर को फेसबुक के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने होस्ट किया, जिसमें कई भारतीय और ग्लोबल बिजनेस लीडर शामिल हुए। मुकेश अंबानी दुनिया के सबसे अमीर लोगों में से एक हैं। उन्हें इस शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित किया गया है। उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप के साथ तस्वीरें खिंचवाई, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गईं।

शपथ ग्रहण समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री एस जयशंकर करेंगे। इसके अलावा, एलॉन मस्क, जेफ बेजोस, मार्क जुकरबर्ग, सम ऑल्टमैन, और कई प्रमुख व्यक्ति भी इस ऐतिहासिक मौके पर मौजूद होंगे। सूत्रों के अनुसार मुकेश अंबानी और नीता अंबानी 20 जनवरी को ट्रम्प परिवार के निजी आमंत्रित सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। बता दें कि अंबानी फैमिली के ट्रंप फैमिली से करीबी संबंध हैं।

बता दें कि अंबानी परिवार और ट्रंप परिवार के बीच काफी करीबी संबंध हैं। भारत के सबसे अमीर शख्स मुकेश अंबानी 2017 में हैदराबाद में आयोजित ग्लोबल एंटरप्रेन्योरशिप समिट के दौरान इवांका ट्रंप की उपस्थिति में मौजूद थे। उस समय इवांका, जो डोनाल्ड ट्रंप की बेटी और उनकी सलाहकार थीं, भारत दौरे पर आई थीं।

## 45 करोड़ की टिकट, 9 करोड़ की थाली.. डोनाल्ड ट्रम्प का फंडरेजिंग डिनर

क्या आपने कभी सुना है कि किसी डिनर की कीमत 9 करोड़ रुपये हो सकती है? या फिर एक टिकट की कीमत 45 करोड़ रुपये? अगर नहीं, तो यह खबर आपके लिए है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की शपथ ग्रहण समारोह से पहले आयोजित फंडरेजिंग डिनर को लेकर चर्चा का विषय बन चुका है।



असल में अमेरिका में प्रेसिडेंसियल इलेक्शन जीत कर आये राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ताजपोशी की तैयारियां जोरों पर हैं। 20 जनवरी को ट्रंप दोबारा राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे, तो वहीं इससे ठीक पहले पूरी दुनिया में ट्रंप की डिनर पॉलिटिक्स की चर्चा खूब है। ट्रंप और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के साथ प्राइवेट डिनर के लिए लोगों को भारी भरकम रकम खर्च करनी पड़ रही है। इसे फंडरेजिंग डिनर का नाम दिया गया है।

**दोनों हाथों से बटोरेंगे पैसे जानिए कैसे-** डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने शपथ ग्रहण समारोह को पैसे जुटाने का एक बड़ा जरिया बना लिया है। वे अपने फंडरेजिंग डिनर के जरिए दोनों हाथों से पैसे बटोरेंगे। फंडरेजिंग डिनर के लिए आयोजित डिनर कार्यक्रम में टिकट पैकेज को 5 अलग-अलग भागों में बांटा गया है। पहला टिकट 1 मिलियन अमेरिकी डॉलर यानी कि करीब 9 करोड़ रुपये का है। वहीं, इसके अलावा अन्य टिकटों की कीमत 500,000 डॉलर यानि 45 करोड़ रुपए, 250,000 डॉलर यानि साढ़े 22 करोड़ रुपए, 100,000 डॉलर यानि 9 करोड़ रुपए और 50,000 डॉलर यानि तकरीबन साढ़े चार करोड़ रुपए का है। वहीं, बड़े दानदाताओं को राष्ट्रपति ट्रंप और उपराष्ट्रपति-से निजी इवेंट्स में मुलाकात के लिए दोगुना भुगतान करना पडेगा। बता दें कि इसके लिए सबसे ज्यादा कीमत 1 मिलियन डॉलर रखी गई है। इस टियर के पैकेज में दानदाताओं को उपराष्ट्रपति-निर्वाचित वेंस के साथ डिनर के लिए दो टिकट और ट्रंप के साथ कैंडललाइट डिनर के लिए कुल छह टिकट मिलेंगे। बहुत से लोगों ने इस सबसे भी बड़ी रकम वाले पैकेज के लिए पेमेंट कर दिया है। इस डिनर से कुल 2 हजार करोड़ रुपये जुटाने का टॉरगेट रखा गया है।

## चंदू चैंपियन के मूल चरित्र मुरलीकांत पेटकर अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित होकर अभिभूत

**नई दिल्ली।** देश के पहले पैरालिंपिक स्वर्ण पदक विजेता मुरलीकांत पेटकर की कहानी को नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट के प्रमुख साजिद नाडियाडवाला ने बड़े पर्दे पर जीवंत किया। हाल ही में मुरलीकांत पेटकर को उनकी उपलब्धि के 52 साल बाद अर्जुन पुरस्कार (लाइफटाइम) से सम्मानित किया गया।




यह उपलब्धि पाने पर मुरलीकांत पेटकर ने कहा कि मैं अर्जुन लाइफटाइम अवार्ड पाकर अभिभूत और आभारी हूं। यह सम्मान केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि यह कई अच्छे व्यक्तियों के सामूहिक प्रयास और विश्वास का प्रमाण है। मैं साजिद नाडियाडवाला का दिल से धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने न केवल मेरी कहानी पर विश्वास किया, बल्कि इसे फिल्म 'चंदू चैंपियन' के माध्यम से बड़े पर्दे पर जीवंत करने के लिए अपना भरोसा और संसाधन लगाए। उनके अडिग समर्थन ने सब कुछ बदल दिया।

उन्होंने आगे कहा कि मैं कबीर खान के प्रयासों का भी उल्लेख करना चाहता हूं, जिन्होंने मेरी यात्रा को सबसे प्रामाणिक तरीके से बड़े पर्दे पर प्रस्तुत किया। और कार्तिक को, जिन्होंने मेरी कहानी को बेहतरीन ढंग से पेश किया। यह क्षण जितना मेरा है, उतना ही उनका भी है, मैं वास्तव में पूरी 'चंदू चैंपियन' की टीम का आभारी हूं, जिन्होंने इस फिल्म को बनाया और मेरी कहानी के माध्यम से देश के कई लोगों को प्रेरित किया।

खेलों में एक ऑलराउंडर, मुरलीकांत पेटकर ने पैरा-स्विमिंग में उत्कृष्टता प्राप्त करने से पहले कई खेलों में प्रतिस्पर्धा की।

## 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी असम के डीजीपी जीपी सिंह बने सीआरपीएफ के डीजी



**नई दिल्ली।** भारतीय पुलिस सेवा में 1991 बैच के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी जीपी सिंह को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ)का महानिदेशक (डीजी) नियुक्त किया गया है । वे वर्तमान में असम के पुलिस महानिदेशक (डीजी) के रूप में कार्यरत हैं ।

कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने श्री सिंह को वेतन मैट्रिक्स के लेवल-16 में सीआरपीएफ के महानिदेशक के पद पर नियुक्त करने के गृह मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह नियुक्ति पदभार ग्रहण करने की तिथि से 30 नवंबर, 2027 को उनकी सेवानिवृत्ति की तिथि तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, तक के लिए की गई है। सिंह सीआरपीएफ के विशेष महानिदेशक वितुल कुमार (1993) से कार्यभार संभालेंगे, जो वर्तमान में डीजी-सीआरपीएफ के पद का कार्यवाहक प्रभार संभाल रहे हैं।






आयुर्वेद पर्व 2025

## मुझे आयुर्वेद की दवाई ने तेज़ी से असर किया, मैं शिक्षा मंत्री से मुख्यमंत्री बन गया: मोहन यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री मोहन यादव ने आज भोपाल के शासकीय पंडित खुशीलाल शर्मा आयुर्वेदिक संस्थान में तीन दिवसीय आयुर्वेद पर्व का शुभारंभ किया। इसमें अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन की सहभागिता से राष्ट्रीय सेमिनार और आरोग्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में सीएम ने कहा, लोग कहते हैं कि आयुर्वेद की दवाई देर से असर करती है लेकिन मुझे आयुर्वेद की दवाई ने तेज़ी से असर किया, मैं शिक्षा मंत्री से मुख्यमंत्री बन गया।





सीएम ने कहा, पीएम नरेंद्र मोदी आयुर्वेद के प्रचारक है। आयुर्वेद के डॉक्टर को पहले डॉक्टर नहीं मानते थे लेकिन कोरोनाकाल में आयुर्वेद के काढ़े को लोगो ने माना। आयुर्वेद प्रत्यक्ष प्रमाण देता है। एक दूसरे को जोड़कर परमात्मा ने जीवन दिया है। परमात्मा ने जीवन दिया तो उसके लिए औषधि भी दी है। एमपी की धरती पर 2028 को महाकुंभ होने जा रहा है। हमारी आस्था विश्वास रखने वालों का पलक पावड़े बिछा कर 2028 का इंतजार करेगी। सीएम ने 2028 में कुंभ में आयुर्वेद पर्व का आयोजन करने की बात कहीं।

### आयुर्वेद में काम करने वाले संस्थानों को उज्जैन में जमीन देंगे

सीएम ने कहा, भारत में वह सारी चीजें है, जिसको जानने और समझने के लिए दुनिया की जिज्ञासा बढ़ रही है। हमारी भूमिका और जिम्मेदारी भी इससे बढ़ गई है। हमें आयुर्वेद के मूल भाव को बनाए रखने के लिए सतर्क रहना होगा। जब हमारी सरकार फिर से बनी, तो हमने संकल्प लिया कि 11 नए आयुर्वेदिक कॉलेज खोलेंगे। यह हमारे लिए गर्व का विषय है। हमारे पास 55 सरकारी जिले हैं, 56 मेडिकल कॉलेज हैं। अब 11 और जोड़ने से यह संख्या 67 हो जाएगी।

हम लगातार कोशिश कर रहे हैं। नई शिक्षा नीति 2020 लागू होने के बाद, एक ही विश्वविद्यालय में सभी प्रकार के कोर्स पढ़ाने की अनुमति दी गई है। आयुर्वेद में काम करने वाले सभी संस्थानों को हम उज्जैन में भूमि उपलब्ध कराएंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव स्मारिका (सुविनियर) का विमोचन भी करेंगे, आयुर्वेद क्षेत्र के कर्मठ और निष्णात वैद्यों का सम्मान करेंगे और मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग से चयनित व्याख्याताओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। इस अवसर पर उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार, विधायक भगवानदास सबनानी और पद्मश्री एवं पद्मभूषण से अलंकृत अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन ट्रस्ट, नई दिल्ली के अध्यक्ष वैद्य देवेन्द्र त्रिगुणा विशेष रूप से उपस्थित हैं।

### आयुर्वेद को समझना है तो पहले भारत को समझे

कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री इंदर सिंह परमार बोले, अगर आयुर्वेद को समझना है, तो पहले भारत को समझना होगा। हमें आयुर्वेद को फिर से दुनिया के सामने स्थापित करना है। यह महासम्मेलन केवल भारत के लिए नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए है। हम इसका खोया हुआ गौरव वापस लाने का काम करेंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति भी कहती है कि आयुर्वेद में रिसर्च की आवश्यकता है। हमने इस दिशा में काम शुरू कर दिया है। इस महाविद्यालय का हमने पतंजलि एम्स, भोपाल और मैनिट के साथ शोध का कार्य शुरू किया है। इस महाविद्यालय में ई-लाइब्रेरी बनाने का काम भी शुरू किया गया है। सिकल सेल पर भी शोध कार्य जारी है। हमें विश्वास है कि इस क्षेत्र में हम बेहतर परिणाम दे पाएंगे।

### आयुर्वेद के स्टूडेंट्स प्रेजेंट करेंगे रिसर्च पेपर

आयुर्वेद पर्व के दौरान कलियासोत मैदान पर वैज्ञानिक प्रदर्शनी, आयुर्वेदिक उत्पादों का प्रदर्शन,आयुर्वेदिक औषधियों, जड़ी-बूटियों, निन्शुल्क चिकित्सा शिविर और राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की जाएगी। इस दौरान देश के कई आयुर्वेद विशेषज्ञ और आयुर्वेद के 190 से ज्यादा पोस्ट ग्रेजुएट स्टूडेंट्स अपना व्याख्यान देंगे और रिसर्च पेपर प्रेजेंट करेंगे।

राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि केस

## सुप्रीम कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट की कार्रवाई पर रोक लगाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आज सुबह राहुल गांधी के खिलाफ चल रहे मानहानि मामले में ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर रोक लगा दी है। भाजपा कार्यकर्ता नवीन झा ने राहुल गांधी पर अमित शाह के खिलाफ 2019 में अपमानजनक टिप्पणी करने के आरोप के साथ मानहानि का केस किया था।



दरअसल, 2019 के लोकसभा चुनावों से पहले झारखंड के चाईबासा में अपने एक सार्वजनिक भाषण के दौरान, गांधी ने शाह को हत्यारा बताया था। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने झारखंड सरकार और भाजपा नेता को नोटिस जारी कर गांधी की अपील पर उनका जवाब मांगा है।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने राहुल की अपील पर जवाब मांगते हुए झारखंड सरकार और भाजपा नेता को नोटिस जारी किया। पीठ ने कहा कि नोटिस जारी किए जा रहे हैं। अगले आदेश तक मुकदमे की आगे की कार्यवाही पर रोक रहेगी। राहुल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा कि कई फैसले हैं, जो कहते हैं कि केवल पीड़ित व्यक्ति ही आपराधिक मानहानि की शिकायत दर्ज कर सकता है। मानहानि की शिकायत किसी प्रॉक्सी थर्ड पार्टी की ओर से दायर नहीं की जा सकती। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता महेश जेठमलानी पेश हुए।

## सेंसेक्स में 550 अंक से ज्यादा की तेजी

**मुंबई।** हफ्ते के पहले कारोबारी दिन आज यानी 20 जनवरी को सेंसेक्स 550 अंक से ज्यादा की तेजी के साथ 77,170 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। निफ्टी में भी 140 अंक की तेजी है, ये 23,340 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 16 में तेजी और 14 में गिरावट है। निफ्टी के 50 शेयरों में से 26 में तेजी और 25 में गिरावट है। हस्थ्र सेक्टोरल इंडेक्स में सभी सेक्टर बढ़त के साथ कारोबार कर रहे हैं। प्राइवेट बैंकिंग सेक्टर सबसे ज्यादा 2.27त्न की तेजी के साथ कारोबार कर रहा है।



## किसानों ने दिल्ली कूच टाला, पंधेर बोले- केंद्र सरकार 14 फरवरी से पहले मीटिंग करे

**नई दिल्ली।** हरियाणा-पंजाब के शंभू बॉर्डर से किसान कल दिल्ली कूच नहीं करेंगे। सोमवार को किसान मजदूर मोर्चा के संयोजक सरवण सिंह पंधेर ने शंभू बॉर्डर पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि फिलहाल दिल्ली कूच टाल दिया गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार 14 फरवरी से पहले मीटिंग करे। ये मीटिंग चंडीगढ़ की बजाए दिल्ली में होनी चाहिए।



इससे पहले सुबह पंधेर ने कहा था कि दिल्ली कूच करेंगे। केंद्र फूट डालने की कोशिश में है। केंद्र ने किसानों को 14 फरवरी को चंडीगढ़ में बातचीत का न्योता दिया है। फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गारंटी कानून समेत अन्य मांगों को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा ने आज (20 जनवरी) पंजाब-हरियाणा समेत देशभर में लोकसभा और राज्यसभा सांसदों के आवास का घेराव करने का ऐलान किया था।

हालांकि, केंद्र से बातचीत का न्योता मिलने के बाद स्यरून्ने कहा कि सभी किसान घेराव करने की बजाय ई-मेल के जरिए सांसदों को मांगों का ज्ञापन भेजें।

## हिमाचल समेत 3 राज्यों में बर्फबारी, 11 में कोहरा

जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश में लगातार बर्फबारी हो रही है। बर्फीली हवाओं के कारण हिमाचल के तीन शहरों में तापमान माइनस में पहुंच गया। सबसे कम तापमान ताबो में माइनस 5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। यहां अगले 4 दिनों तक बर्फबारी की संभावना है।

इसके अलावा देश के 11 राज्यों में सोमवार सुबह घना कोहरा भी देखने को मिला। मध्य प्रदेश, राजस्थान, पश्चिम बंगाल और उत्तराखंड के अलावा नॉर्थ ईस्ट के राज्यों में विजिबिलिटी घटी। दिल्ली में धुंध के कारण 19 ट्रेनें लेट हुईं।



बर्फीली हवाओं के चलते उत्तर प्रदेश के कई जिलों में तापमान 10 डिग्री से नीचे रिकॉर्ड किया गया। इटावा में पारा 5 डिग्री तक पहुंचा।

अयोध्या में ठंड के कारण 5वीं तक के स्कूल बंद कर दिए गए। वहीं, 6ठवीं से 12वीं तक के स्कूलों की टाइमिंग बदली गई है।

पंजाब में भी शीतलहर के चलते सर्दी का असर लगातार बना हुआ है। अमृतसर में सोमवार सुबह पारा 4.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने कहा कि यहां अगले 24 घंटे में तापमान में और गिरावट हो सकती है।

उधर, मध्य प्रदेश और राजस्थान में शीतलहर का अलर्ट नहीं है, लेकिन तापमान में गिरावट का दौर जारी है। स्क्कके शहडोल में पारा 3.4 डिग्री तक पहुंच गया है। वहीं, राजस्थान के भी 12 शहरों में पारा 10 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया।जम्मू-कश्मीर के डोडा में रविवार को बर्फबारी के बाद पूरा इलाका व्हाइट वंडर में बदल गया। श्रीनगर तापमान 4.1डिग्री दर्ज किया गया।



## गोल्डन बॉय नीरज चोपड़ा-हिमानी संग शादी

### मां बोली- ट्रंप की शपथ से पहले बेटी को अमेरिका पहुंचना

**नई दिल्ली।** ओलिंपियन नीरज चोपड़ा ने सोनीपत की टेनिस प्लेयर हिमानी मोर से शादी कर ली है। परिजनों के मुताबिक 14 से 16 जनवरी के बीच हिमाचल के सोलन के रिजॉर्ट में शादी की सारी रस्में हुईं। इस डेस्टिनेशन वेडिंग में 40-50 खास मेहमान शामिल थे। ससुराल परिवार को भी गांव से नीरज की टीम सीधे हिमाचल ले गई।

नीरज ने रविवार रात करीब साढ़े 9 बजे शादी के बारे में बताकर सबको चौंका दिया। हालांकि इसको लेकर न तो कोई पार्टी हुई और न ही नीरज-हिमानी पानीपत स्थित घर पहुंचे। इसकी वजह हिमानी की मां मीना मोर ने बताई। उन्होंने कहा- दोनों परिवार 7-8 साल से एक-दूसरे को जानते हैं। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रम्प के 20 जनवरी को शपथग्रहण से पहले सभी विदेशी स्टूडेंट्स को वापस पहुंचना था, इसलिए हिमानी अमेरिका लौट गईं। नीरज ने इंस्टाग्राम पर अपनी शादी की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा-जीवन के नए अध्याय की शुरुआत अपने परिवार के साथ। हर उस आशीर्वाद के लिए आभारी हूं जो हमें इस पल में एक साथ लाया।

# संत हिरदाराम नगर में नगर भ्रमण पर निकले श्रीराम, सीता लक्ष्मण और हनुमान महाराज

## शोभा यात्रा में शामिल हुए अयोध्या से वत्स महाराज, जगह-जगह पुष्पवर्षा से हुआ भव्य स्वागत





**संत हिरदाराम नगर।** सैनिक कॉलोनी स्थित नुक्कड़ वाली माता मंदिर पर 17 जनवरी से 23 जनवरी तक श्री हनुमान महाराज और श्रीराम दरबार मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन चल रहा है। जहां आयोजन के तीसरे दिन रविवार को कार्यक्रम के ब्रम्हा हरिशंकर तिवारी, उज्जैन महाकाल से आचार्य चेतन्य स्वरूप महाराज, पंडित मिथुन शर्मा, पंडित जीवन प्रसाद तिवारी, पंडित दीपक मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के साथ विधि विधान से पूजन सम्पन्न करवाई। इस दिन आवाहित देवता पूजन, प्रधानदेवता, शांति होम, वस्त्राधिवास, मूर्तिमहास्नापन सहस्त्रकलशों द्वारा अभिषेक किया गया। इसके बाद शोभा यात्रा निकाली गई। श्रीराम, सीता, लक्ष्मण जी और श्री हनुमान महाराज जी को नगर भ्रमण कराया गया। शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर कलश रखकर शामिल हुई। शोभा यात्रा नुक्कड़ वाली माता मंदिर से प्रारंभ हुई और शहर के प्रमुख मार्ग से होते हुए काली मंदिर से वापस नुक्कड़ वाली माता मंदिर पहुंची जहां पर भव्य स्वागत किया गया। अखाड़ा, इन्दौर के नवरंग ताशे, बैंड बाजे, डीजे और हनुमान महाराज की विशाल प्रतिमा आर्कषण का केन्द्र रही।

**अयोध्या से वत्स महाराज सहित अनेक संत महात्मा हुए शोभा यात्रा में हुए शामिल:** शोभा यात्रा में अलग-अलग जगहों से संत महात्मा और कथा वाचक शामिल हुए। अयोध्या से वत्स महाराज, वृंदावन धाम राधा माधव सेवा संस्थान के प्रमुख चतुरनारायण शास्त्री वान प्रस्थ धाम, उज्जैन महाकाल से आचार्य चैतन्य स्वरूप महाराज, गुफा मंदिर भोपाल से आचार्य श्याम महाराज, आचार्य लेखराज शर्मा, आचार्य डॉ. रामकुमार देवलिया, आचार्य डॉ. रमेश त्रिपाठी, कथा वाचक निधि किशोरी, भोले के दरबार से मुकेश महाराज, हीरो हिन्दू आदि शामिल हुए। इसके अलावा कार्यक्रम के मुख्य सूत्रधार विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के नेता विशाल पुरोहित, पूर्व जिला पंचायत सदस्य व कांग्रेस कमेटी के प्रदेश के सचिव विष्णु विश्वकर्मा, राजेश हिंगोरानी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### समस्त समस्याओं को दूर करने का साधन भगवान का स्मरण: वत्स महाराज

अयोध्या से पधारे वत्स महाराज ने श्रद्धालुओं को कहा कि जीवन में भगवत नाम संकीर्तन का बहुत महत्व है। अगर हम अपने जीवन में सभी प्रकार की समस्याओं सभी प्रकार की वाधाओं को दूर करना चाहते हैं तो एक मात्र साधन है भगवान का स्मरण, भगवान का नाम जप, नाम संकीर्तन। जैसे हमारे जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण वस्तु होती है जिसे हम बहुत संभाल कर रखते है ऐसे ही भगवान का नाम अति महत्वपूर्ण है। श्री मद भागवत कथा पुराण के अंतिम श्लोक में भी यही व्याख्या है कि नाम संकीर्तन। इस नाम से हम जीवन की सभी समस्याओं से छुटकारा पा सकते है। जहां भगवान की भक्ति होती है वहां जरूर जाना चाहिए, सत्संग जो परमात्मा से जुड़ा हुआ है।

# केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अस्पताला का किया शुभारंभ



**भोपाल।** मुख्य अतिथि शिवराज सिंह चौहान केंद्रीय कृषि मंत्री द्वारा निदान हॉस्पिटल एवं बिस्वास ऑटो रु रु पी का शुभारंभ किया गया। शिवराज सिंह चौहान द्वारा राधेश्याम विश्वकर्मा एवं डॉ सोनू दांगी विनीत भार्गव जी डॉ जसवंत विश्वकर्मा को शुभकामनाएं दी गई एवं उज्जवल भविष्य की कामना है कि इस कार्यक्रम में महामंडलेश्वर भगवतानंद गिरी महाराज उज्जैन जवाहर लाल द्विवेदी पीठाधीश्वर महाराज नेम सिंह पंडा लीलगड उपस्थित विधायक मुकेश टंडन विदिशा विधानसभा प्रेम नारायण विश्वकर्मा विश्वकर्मा कल्याण बोर्ड अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री का दर्जा एवं नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा विदिशा जिला अध्यक्ष महाराज सिंह दाँगी जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी पूर्व जिला अध्यक्ष तोरण सिंह दांगी राहुल गुर्जर सरपंच कार्यक्रम में शामिल साथ ही इस मौके पर डॉक्टर जसवंत विश्वकर्मा एवं डॉक्टर आरती दाँगी के जन्मदिवस पर वृक्षारोपण का कार्यक्रम भी किया गया।

# प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन बैरागढ़ इकाई ने मांगों को लेकर विधायक को दिया ज्ञापन



**संत हिरदाराम नगर।** संत हिरदाराम नगर स्थित मध्यप्रदेश प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की इकाई के पदाधिकारियों द्वारा मान्यता नवीनीकरण में होने वाली दिक्कत का निराकरण के लिए भाजपा विधायक भगवानदास सबनानी से मुलाकात कर चार मांगों में रजिस्टर किरायानाम में की अनिवार्यता समाप्त करने, सुरक्षा निधि 40 हजार रुपए की एफडी और नवीनीकरण शुल्क को अनिवार्यता को समाप्त करने हेतु ज्ञापन दिया। उन्होंने फोन पर शिक्षा मंत्री से चर्चा कर स्कूल संचालक को आश्वासन दिया कि वे शीघ्र ही मुख्यमंत्री से इस संबंध में चर्चा कर इन मांगों का निराकरण करेंगे चर्चा करेंगे ज्ञापन देने वालों में बैरागढ़ इकाई के साथ भोपाल के स्कूल संचालक भी शामिल थे। जिसमें प्रमुख रूप से किरण वाधवानी, राज बत्रा, हर्षिता शास्त्री, योगिता वाधवानी, रश्मि अग्रवाल, योगेश श्रीवास्तव, पदमसिंह मेवाड़ा, जानवी शर्मा आदि मौजूद थे।

# प्रिंट मीडिया का वजूद कभी खत्म नहीं होगा: डॉ. मेहरोत्रा



**भोपाल।** वरिष्ठ पत्रकार डॉ. सुरेश मेहरोत्रा 6 दशक से पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्यरत हैं। ओर उन्होंने इस दौरान समाज के लिए उल्लेखनीय कार्य किए है। जिसके चलते आज उनका पत्रकारिता के क्षेत्र में बड़े ही सम्मान के साथ नाम लिया जाता है। कस्तूर से वह पत्रकारों के लिए हमेशा सहयोगात्मक रहे हैं। जब जब पत्रकारों को किसी भी तरह की आवश्यकता रही है हमेशा आगे रहे हैं। हाल ही में उन्होंने सोसायटी फॉर जर्नलिस्ट हेल्थ केयर समिति को पांच लाख रुपए डोनेट किए हैं। अब तक वह 60 लाख रुपए डोनेट कर चुके हैं। इस राशि से पत्रकारिता से जुड़े कई लोगों को नया जीवन मिला है।

डॉ मेहरोत्रा ने हाल ही चर्चा में बताया कि प्रिंट मीडिया का वजूद कभी खत्म नहीं होगा, नेताओं और ब्यूरोक्रेट्स की सुबह आज भी बिना अखबारों के नहीं होती हैं। इसके दुनियाभर में 750 करोड़ हिट्स हैं। प्रशासनिक, राजनीतिक और कारोबार जगत को सुबह 11 बजे उनके पोर्टल का इंतजार रहता है। उनका मानना है कि प्रिंट मीडिया का वजूद कभी खत्म नहीं होगा।

उन्होंने आगे बताया कि 1961 में उज्जैन से पत्रकारिता शुरू की थी, तब नवप्रभात में 10 रुपए वेतन मिलता था। पहला असाइटमेंट प्रकाशचंद्र सेठी का कवरेज करना था। इसके लिए 3 किमी पैदल चलना पड़ा। उस समय 75 रुपए मिलते थे। बाद में सहपाठी रहे आईएएस सुदीप बनजी के कहने पर भोपाल में यूएनआई और फ्री प्रेस में नौकरी की। मे देखता हूं कि पत्रकारों की आर्थिक सचाल विस्पर्स इन द कॉरिडोर डॉट काम स्थिति ठीक नहीं है। आज हम सक्षम हैं, जितनी हो सकती है उतनी मदद करते हैं। सोसायटी ने डेथ के मामले में एक लाख रुपए तक की मदद की है। मैं 1982 से फ्री प्रेस में इस नाम से कॉलम लिखता था। 2001 में अखबार छोड़ने के बाद इसी नाम से पोर्टल लॉन्च किया। उस समय लोग मुझे पागल कहते थे। अब अंग्रेजी और हिंदी में मैगजीन भी लॉन्च की है।

आज वॉट्सऐप पत्रकारिता हो रही है। बड़ी संख्या में न्यूज चैनल हैं। राजनेता क्रिटिसिज्म टॉलरेट नहीं कर पा रहा है। अर्जुन सिंह के खिलाफ मैं कुछ लिखता था, तो वह कहते थे कि बहुत अच्छा लिखा। आज चार लाइन में किसी की आलोचना कर दीजिए, तो पत्रकार की मुश्किलें बढ़ जाती हैं।

प्रिंट मीडिया का वजूद कभी खत्म नहीं होगा। आज भी राजनेता या ब्यूरोक्रेट्स की सुबह बगैर अखबारों के नहीं होती है। प्रिंट मीडिया को हमेशा नए कंटेट देते रहना होगा। जिनकी पत्रकारिता एक्सक्लूसिव रहेगी, वही कामयाब होंगे।

# संत हिरदारम गर्ल्स कॉलेज की कॉमर्स संकाय की छात्राओं का भ्रमण




**संत हिरदाराम नगर।** संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज, भोपाल के वाणिज्य विभाग की समस्त कक्षाओं की छात्राओं ने जगदीशपुर का भ्रमण किया। जो कि भोपाल जिले में एक पंचायत गाँव हुजूर तहसील और फंदा ब्लॉक में स्थित है। छात्राओं को जानकारी देते हुए बताया कि इस्लामनगर पहले एक किलेबंद शहर था, जो कुछ समय के लिए भोपाल रियासत की राजधानी था।

भोपाल के संस्थापक दोस्त मोहम्मद खान द्वारा बनवाए गए महलों के खंडहर आज भी इस जगह पर मौजूद हैं। भोपाल के शाही परिवार के अनेक सदस्यों का जन्म इस्लामनगर में हुआ। फरवरी 2023 में मध्य प्रदेश सरकार ने आधिकारिक तौर पर गांव का नाम बदलकर जगदीशपुर कर दिया, जो इसका मूल नाम है। यह स्थानीय राजपूत सरदारों द्वारा स्थापित किया गया था। यहाँ के महलों की वास्तुकला एवं निर्माण तकनीकी हमें भारत की समृद्ध ज्ञान परंपरा का परिचय देती है। इतिहास गवाह है कि भोपाल की महिला शासक सिकंदर बेगम ने रीजेंट के रूप में सत्ता संभाली। हालाँकि, 1860 में सिकंदर बेगम को अंग्रेजों ने भोपाल के शासक के रूप में मान्यता दे दी। 1868 में उनकी मृत्यु के बाद उनकी बेटी शाहजहाँ ने भोपाल की बेगम के रूप में पदभार संभाला। एक महिला शासक के रूप में उनकी उपलब्धियां तारीफे काबिल थीं। महिला प्रतिष्ठान की छात्राओं का यह भ्रमण उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में और निरंतर प्रगति करने के लिए प्रेरणा देने वाला रहा।

## शारदा विहार सरस्वती विद्या मंदिर प्रांतीय सम विचारी विद्यालय में शैक्षिक सम्मेलन



**संत हिरदाराम नगर।** प्रांतीय सम विचारी विद्यालय शैक्षिक सम्मेलन सरस्वती विद्या मंदिर शारदा विहार भोपाल में आयोजित किया गया। सम्मेलन के द्वितीय सत्र शिक्षा के वैज्ञानिक दृष्टिकोण बालक का पंचकोशीय विकास विषय पर आयोजित चर्चा जिसमें मुख्य वक्ता डॉ. निलाभ तिवारी थे जिसमें संस्कार संस्था के सचिव बसंत चेलानी को अध्यक्षता करने का अवसर प्रदान किया गया। इसके लिए बसंत चेलानी ने प्रबंधन का आभारी एवं धन्यवाद व्यक्त किया। इस अत्यंत ही महत्वपूर्ण सार्थक कार्यक्रम में संत नगर से नवयुवक सभा के सचिव सुरेश राजपाल, संस्कार स्कूल के कोषाध्यक्ष चन्दर नागदेव, सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य दिनेश, विवके शर्मा, कन्हैयालाल मोटवानी, संस्कार विद्यालय के प्राचार्य आर.के. मिश्रा शिक्षक संतोष बालचंदानी आदि उपस्थित थे। सम्मेलन में बहुत ही उपयोगी जानकारी स्कूलों के लिए प्राप्त हुई आने वाले दिनों में निश्चित रूप से सभी स्कूल के प्रबंधक इसका लाभ लेंगे।

# वार्ड 47 के कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए विधायक सबनानी




**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के संगठन पर्व के अंतर्गत भोपाल जिले का अध्यक्ष घोषित होने के साथ ही वार्डों में कार्यकर्ता सम्मेलनों की शुरुआत हो गई है। रविवार को दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 47 में कार्यकर्ता सम्मेलन और स्नेह भोज का आयोजन किया गया, सम्मेलन में नवगठित बूथ समितियों का स्वागत और सम्मान भी किया गया, सम्मेलन में विशेष रूप से भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं विधायक भगवानदास सबनानी उपस्थित रहे, इस अवसर पर श्री सबनानी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीड की हड्डी है, कार्यकर्ताओं का समर्पण भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनता है, भारतीय जनता पार्टी में प्रत्येक कार्यकर्ता का सम्मान होता है और प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए कोई ना कोई आवश्यक कार्य भी उसे दिया जाता है जो पार्टी के लिए अति महत्वपूर्ण होता है कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता, मैं आप सभी लोगों को अपनी शुभकामनाएं देता हूं आप सभी लोग भी पार्टी के सबसे मजबूत स्तंभ में से एक बूथ समितियां के तौर पर कार्य कर रहे हैं और कहा भी जाता है कि बूथ जीता तो चुनाव जीता, सम्मेलन में जिला अध्यक्ष रविंद्र यति भी शामिल हुए और कार्यकर्ताओं को अपनी शुभकामनाओं देकर उन्हें पार्टी की रीति और नीतियों से अवगत कराया। वार्ड 47 की पार्षद श्रीमती गिरजा राजेश खटीक द्वारा भी कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया, सम्मेलन में विशेष तौर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रियेश उपाध्याय, पूर्व पार्षद राजेश खटीक सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# अयोध्या में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य में दादाजी धाम मंदिर में 22 को आयोजन

**भोपाल।** दादाजी धाम मंदिर पटेल नगर में अंग्रेजी तारीख के अनुसार 22 जनवरी दिन बुधवार को अयोध्या में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ के उपलक्ष में दादाजी धाम मंदिर में प्रात काल से राममय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे भगवान श्री राम की पूजन राम संकीर्तन, भजन, रामरक्षा स्तोत्र पाठ, हनुमान चालीसा पाठ एवं दोपहर 12 ः00 बजे भगवान श्रीराम जी की महाआरती के बाद में प्रसाद वितरण किया जायेगा। एवं 108 दीपक जलाए जाएंगे। इस अवसर पर मंदिर के पट प्रात: 5ः30 बजे से रात्रि 9ः30 बजे तक भगवान के दर्शन के लिए मंदिर के पट खुले रहेंगे।

# न्यू विजडम हायर सेकेण्डरी स्कूल का वार्षिक उत्सव आयोजित




**भोपाल।** न्यू विजडम हायर सेकेण्डरी स्कूल राजीव नगर अयोध्या बायपास रोड भोपाल वार्ड 67 का 25 वा वार्षिक उत्सव आईटीआई सभागार गोविंदपुरा में उमंग उल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम के पूर्व मुख्य अतिथि ममता मनोज विश्वकर्मा, समाज सेविकामंजू गौतम फिल्म निर्माता, समाज सेवी मध्य प्रदेश मेहर समाज अध्यक्ष मनोहर मेहरा, इंद्रपुरी भाजपा मण्डल अध्यक्ष लवकुश यादव एवं आनन्द नगर मण्डल भाजपा अध्यक्ष संतोष ग्वाला संस्था संचालक बलवंत सिंह रघुवंशी सरस्वती रघुवंशी राहुल रघुवंशी स्कूल के सर्व प्रथम स्टाफ सदस्य रहीं सहयोगी शिक्षिका ज्योति डबराल, राखी डोंगरे, शशि रैकवार, स्वेता रघुवंशी, स्वदेश रघुवंशी प्रवीण रघुवंशी का सम्मान किया गया एक शिक्षिका साधना शर्मा आस्ट्रेलिया में होने के कारण उपस्थित नहीं हो सकीं उनका शुभ कामना सन्देश प्राप्त हुआ साथ में स्कूल के होनहार छात्र छात्राओं जिनमें सारे गामा एवं इंडियन आइडल कार्यक्रम में हिस्सा लेने बाली सुश्री वैशाली रायकवार विशेष रूप से उपस्थित रहीं 3 छात्र जिनमे विपुल काकड़ कनाडा, शिवानी पटेल यूएसए अमेरिका और अभिषेक दीक्षित बेस्ट बंगाल में होने के कारण उपस्थित नहीं हुए परन्तु उनके सन्देश प्राप्त हुऐ स्कूल डायरेक्टर अभिषेक रघुवंशी ने बताया कि संस्था के इन 25 वर्षो में अनेक राजनैतिक हस्तियों जिनमे गोविंदपुरा विधानसभा के अजेय योद्धा रहे पूर्व मुख्यमंत्री स्व. बाबूलाल गौर वर्ष 2002-03 में नेता प्रतिपक्ष, पूर्व गृह मंत्री उमाशंकर गुप्ता, मंत्री विश्वास सारंग, मंत्री कृष्णा गौर सर्व प्रथम वर्ष 26 जनवरी 2004 में मुख्य अतिथि रही,पूर्व मंत्री अध्यक्ष रामपाल सिंह, पूर्व मंत्री पी सी शर्मा,पूर्व बीडीए अध्यक्ष ध्रुव नारायण सिंह, पूर्व अध्यक्ष वेयर हाउसिंग बोर्ड एवं वर्तमान में भाजपा जिला रायसेन प्रभारी सुधीर अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष श्रमिक कल्याण बोर्ड श्री मांगीलाल पोरवाल, पूर्व नगर निगम अध्यक्ष रामदयाल प्रजापति,पूर्व पार्षद श्याम मोहन श्रीवास्तव, स्वर्गीय किशन लाल ग्वाला, विवेक सारंग, पार्षद सूर्य कांत गुप्ता, पार्षद अशोक वाणी,भाजपा नेता सर्वश्री पूर्व पार्षद गिरीश शर्मा,जितेन्द्र पाल सिंह गिल, सतीश विश्वकर्मा, मधु सूदन प्रजापति, पूर्व मंत्री दर्जा प्राप्त भरत वैरागी, संस्कृत भारती मध्य भारत प्रान्त के डॉक्टर जागेश्वर पटले,प्रदीप त्रिवेदी, जगप्रवेश गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि अशोक गुप्ता, पूर्व भाजपा मण्डल अध्यक्ष हरिशंकर मिश्रा, वीरेन्द्र त्रिपाठी, भीकम सिंह बघेल, गजेन्द्र मालवीय, सुरेश पटेल सहित सभी का सहयोग मिलता रहा है। कार्यक्रम में बच्चों को पुरुष्कृत किया गया और छात्र छात्राओं ने मन मोहक प्रस्तुति दी।

# क्राइस्ट मेमोरियल स्कूल बैरागढ़ में पुस्तक मेले का आयोजन

**संत हिरदाराम नगर।** क्राईस्ट मेमोरियल सी. से. स्कूल बैरागढ़ में पुस्तक मेले का आयोजन किया गया। यह आयोजन छात्रों को पढ़ने




की आदत को प्रोत्साहित करने और पुस्तकों के महत्त्व को समझाने के उद्देष्य से किया गया। यह आयोजन पूर्णत: नि:शुल्क था जिसमें सभी छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बुक फेयर का आयोजन विद्यालय के प्रांगण में सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक चला। इस पुस्तक मेले में कक्षा पहली से बारहवीं तक की पुस्तकें प्रदर्षित की गई। जिसमें पाठ्यक्रम की किताबें, साहित्य, विज्ञान और बाल पुस्तकों का अच्छा संग्रह था। छात्रों और अभिभावकों ने बड़ी संख्या में पुस्तक मेले का दौरा किया। इस पुस्तक मेले का आयोजन विद्यालय के संचालक डॉ. मेनिस मैथ्यूज़ द्वारा आयोजित किया गया। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा- इस प्रकार के 'बुक फेयर' आयोजन से छात्रों में पढ़ने की रूचि जाग्रत होती है। किताबें पढ़ने से नई चीजें सीखने और किताबों से जुड़ने का अवसर मिलता है। विद्यार्थियों को पुस्तक पढ़ने की आदत को अपनाना चाहिए। जिससे वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्षन और भी बेहतर तरीके से करने में समक्ष होंगे।

# भारतीय सेना पर देश और दुनिया को है गर्व: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## फिटनेस-एकता और देशभक्ति के लिए फिट इंडिया-रन विथ इंडियन आर्मी मैराथन में शामिल हुए मुख्यमंत्री

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पूरे देश और दुनिया को भारतीय सेवा पर गर्व है। बेहद अनुशासित इकाई के रूप में सेना ने अपनी विशेष पहचान बनाई है। अपनी क्षमता और योग्यता से दुनिया की कई चुनौतियों का समाधान कर भारतीय सेना ने कठिनतम समय में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। देश को आजादी मिलने के समय, विश्व के कई देश स्वतंत्र हुए लेकिन भारत आज विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में स्थापित है, इस पर सभी भारतवासियों को गर्व है। भारतीय सेना का अनुशासन, सजकता, स्फूर्ति और तत्परता ही इस गौरव का आधार है। साहस और शक्ति से संपन्न भारतीय सेना ने हर राजनीतिक परिस्थिति में अपनी सीमा और अनुशासन में रहते हुए मूल भूमिका का निर्वहन किया और देश हित में श्रेष्ठतम योगदान दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव, फिटनेस-एकता और देश भक्ति के लिए फिट इंडिया रन विथ इंडियन आर्मी के आदर्श वाक्य के साथ द्रोणाचल में आयोजित आर्मी मैराथन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मैराथन विजेताओं को पुरस्कार वितरित भी किऐ। इस अवसर पर उत्साह और जोश से भरपूर भांगड़ा नृत्य की प्रस्तुति दी गई। सेना के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को स्मृति चिन्ह भेंट किए।

**बेटा-बेटी समान अधिकार और सम्मान के हकदार:** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश सशक्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा सीमा पर तैनात सेना के जवानों के साथ दिवाली मनाने की की पहल सराहनीय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष 1949 में जनरल के.एम. करियप्पा के भारतीय सेना के पहले कमांडर इन चीफ के रूप में कार्यभार ग्रहण करने की याद में 15 जनवरी को सेना दिवस मनाया जाता है। इस क्रम में सुदर्शन चक्र कोर द्वारा आर्मी मैराथन आयोजन की पहल सराहनीय है। उन्होंने इसकी निरंतरता बनाए रखने की अपील की और अधिक से अधिक लोगों से मैराथन में सहभागी होने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि क्षमता और योग्यता में बेटा-बेटी बराबर है और उनके अधिकार भी समान है। अत: आर्मी मैराथन में विजेता बेटियों को समान राशि के ही पुरस्कार प्रदान किए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हॉफ मैराथन ओपन केटेगरी के अंतर्गत पुरुष वर्ग के विजेता श्री रोहित वर्मा को 1 लाख रुपये, रनर अप श्री हरीश को 50 हजार और तृतीय स्थान पर रहे श्री हुकुम को 25 हजार रुपये का चैक और मध्यप्रदेश पर्यटन का कूपन पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया। महिला वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त सुश्री भारती नैन, द्वितीय स्थान पर रहीं किरण साहू और तृतीय स्थान पर रहीं सुश्री प्रीति खण्डेलवाल को पुरस्कृत किया।

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास सारंग ने कहा कि सेना और आमजन के बीच जुड़ाव को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित आर्मी मैराथन में भोपालवासियों की सहभागिता उत्साहवर्धक रही। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा खेल और युवा कल्याण के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी भी दी। मेजर जनरल एस.के. श्रीवास्तव ने कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी।

# जल्द शुरू होगा जनता दरबार, मुख्यमंत्री से अपनी समस्याएं साझा करने मिलेगा मौका

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव का जनता दरबार जल्द शुरू होने वाला है। इसमें नागरिकों को सीएम से अपनी समस्याएं साझा करने का अवसर मिलेगा। हालांकि, इस बार जनता दरबार में आने के लिए पहले से नियम बनाए गए हैं। अब लोग सीएम हेल्पलाइन पोर्टल के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं और मुख्यमंत्री से मिलने के लिए अनुरोध कर सकते हैं।

जनता दरबार में सीएम से मिलने के लिए प्रक्रिया अब तकनीकी रूप से सशक्त हो गई है। शिकायतकर्ता को सबसे पहले सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज करनी होगी। इसके बाद पोर्टल में एक नया विकल्प जोड़ा गया है, जिससे लोग सीधे मुख्यमंत्री से मिलने का अनुरोध कर सकते हैं। जतना दरबार की शुरुआत 6 जनवरी 2025 को होने वाली थी। लेकिन भीड़ प्रबंधन और केवल प्रासंगिक शिकायतों को छांटने की व्यवस्था करने के लिए इसमें देरी की गई। सीएम के कार्यालय के अधिकारियों ने बताया कि अब सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर सभी सुविधाएं जोड़ दी गई हैं। आने वाले हफ्तों में जनता दरबार शुरू हो जाएगा। यह दरबार मुख्यमंत्री के निवास पर प्रत्येक सप्ताह के निश्चित दिनों पर आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम हर सुबह लगभग दो घंटे तक चलेगा। इसमें नागरिक अपनी समस्याएं सीधे मुख्यमंत्री के सामने रख सकेंगे और तत्काल समाधान प्राप्त कर सकेंगे। यह पहल उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इसी तरह के कार्यक्रम से प्रेरित है, जो सफल रहा है। जनता दरबार की शुरुआत मध्य प्रदेश में पहली बार 2003-2004 में उमा भारती के मुख्यमंत्री कार्यकाल में हुई थी। हालांकि, अपर्याप्त योजना के कारण यह पहल सफल नहीं हो पाई थी। अब, यह नई प्रणाली नागरिकों को मुख्यमंत्री तक पहुंचने का सशक्त माध्यम प्रदान करेगी।

## स्वास्थ्य सह जन समस्या समाधान शिविर

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि विंध्य क्षेत्र ने सेना, राजनीति व न्याय आदि क्षेत्रों में ख्यातिलब्ध शख्सियत देकर विंध्य का गौरव बढ़ाया है। चित्रकूट में भगवान राम ने वनवास के दौरान प्रवास किया था, इसके साथ ही विंध्य क्षेत्र सांस्कृतिक दृष्टि से विशिष्ट स्थान रखता है, वहीं यह क्षेत्र विकास में तेजी से आगे बढ़ रहा है। सिंचाई के लिए नहरों का जाल बिछाया जा रहा है और सकारात्मक तथा रचनात्मक कार्य से विंध्य का नाम ऊंचा हो रहा है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल के मुख्य आतिथ्य में आज जबलपुर के बारहा स्थित रॉयल हेरीटेज पब्लिक स्कूल प्रांगण में श्री विंध्य सांस्कृतिक मंच द्वारा विशाल स्वास्थ्य सह जन समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, सांसद श्री आशीष दुबे, महापौर श्री जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक श्री सुशील तिवारी इंदु, श्री अशोक रोहाणी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रशासकीय और अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## विजन जबलपुर के 9वें स्थापना दिवस में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री शुक्ल



**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि विजन जबलपुर जरूरतमंदों के मदद करने के लिए समर्पित है। संस्था के वरिष्ठजन समाज की मदद करने में आगे आकर अपना योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज 101 लोगों ने मेडिकल कॉलेज में अध्ययन के लिए अपने देह दान की स्वीकृति पत्र प्रदान किया, यह सराहनीय है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल शहीद स्मारक जबलपुर में विजन जबलपुर के 9वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुये कहा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने इंडियन कॉफी हाउस द्वारा एक हजार यूनिट ब्लड डोनेशन का कैम्प कर जरूरतमंदो को रक्त उपलब्ध कराने के कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि हमारी सौभाग्यशाली परम्परा है कि समाज में अच्छे काम हो रहे हैं और निरंतर जारी रहेंगे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने अच्छे काम करने वालों को सम्मानित कर कहा कि समाज में जागरूकता लाने के लिए सकारात्मक माहौल बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बेटा-बेटियों में भेद नहीं होना चाहिए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि नागरिकों को जागरूक होकर सरकार की योजनाओं को क्रियान्वित कराने में सहभागी बनना चाहिए। प्रदेश तेजी से आर्थिक विकास की ओर बढ़ रहा है। ऐसी स्थिति में संस्कारित रूप से विकास होना बहुत आवश्यक है। कार्यक्रम में 11 बालिकाओं का सुकन्या योजना में खाता खुलवाकर स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। सांसद श्री आशीष दुबे, विधायक श्री अशोक रोहाणी, विजन जबलपुर के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र सिंह, डीन मेडिकल कॉलेज डॉ. नवनीत सक्सेना, सीएमएचओ डॉ. संजय मिश्रा और संस्था के सदस्य उपस्थित रहे।

# पिपलानी से निकाली जय बापू, जय भीम, जय संविधान पदयात्रा



**भोपाल।** जय बापू, जय भीम, जय संविधान पदयात्रा निकाली जिसमें जिसमें प्रमुख रूप से यात्रा के प्रभारी व म.प्र. कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष विधायक मा.आरिफ़ मसूद उपस्थित थे। यह यात्रा इलहाबाद बैंक पिपलानी से प्रारंभ होकर पिपलानी 100 क्वाटर बुध बिहार पर समापन हुई। इस अवसर पर समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता गोविंदपुरा विधानसभा भोपाल उपस्थित थे यह जानकारी मीडिया को कुनाल गजभीये जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाती विभाग कॉंग्रेस भोपाल ने दी उन्होंने बताया इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दीपक गुप्ता रामपाल घोंसले बंसल साहब सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस से कार्यकर्ता उपस्थित थे

# एकात्म धाम से जाएगा महाकुंभ का संदेश, आचार्य शंकर हमारे आदर्श : अवधेशानंद गिरि

## मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रयागराज महाकुम्भ में आयोजित 'एकात्म धाम शिविर' में अद्वैत लोक प्रदर्शनी का हुआ शुभारंभ

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल




आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास, संस्कृति विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रयागराज महाकुंभ के सेक्टर 18 में स्थित एकात्म धाम शिविर में शुक्रवार को जूना अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि का आगमन हुआ। इस अवसर पर उन्होंने न्यास द्वारा आचार्य शंकर के जीवन दर्शन पर केंद्रित प्रदर्शनी 'अद्वैत लोक' का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उन्होंने एकात्म धाम शिविर को महाकुंभ का सबसे अद्भुत शिविर बताते हुए कहा कि यह शिविर एकत्व की बात करता है और इसका संदेश भगवान आद्य शंकराचार्य के अद्वैत वेदांत पर आधारित है। इस विश्व को जब भी समाधान की आवश्यकता होगी, वह अद्वैत वेदांत में ही मिलेगा। ए.आई. के युग में सत्य की खोज के लिए वेदांत की ओर जाना ही एकमात्र मार्ग होगा। महाकुंभ का जो संदेश पूरे विश्व में जाना चाहिए, वह एकात्म धाम से जाएगा। विश्व में अशांति कलह,युद्ध सभी का समाधान अद्वैत है। सभी नामरूपो में एक ही ब्रह्म अनेकरूपता एक ब्रह्म का विस्तार समस्त विश्व को यह सत्य आद्य शंकर ने दिया। सत्य की खोज की प्रामाणिकता सिद्ध करने हेतु वेदांत की ओर जाना ही एकमात्र मार्ग है। उन्होंने शुभकामनाएँ व्यक्त करते हुए कहा कि यहां आकर मैं आल्हादित एवं गौरवान्वित हूँ। मुझे प्रसन्नता है कि मैं भी न्यास का हिस्सा हूँ, यह कल्पनाओं से परे है, ऐसा अद्भुत शिविर मैंने कहीं नहीं देखा। इस अवसर पर उन्होंने आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास द्वारा तैयार एकात्म धाम शिविर एवं अद्वैत वेदांत युवा जागरण शिविर की लघु फ़िल्म का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में उपस्थित शंकरदूतों और श्रोताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने अद्वैत वेदांत के महत्व पर प्रकाश डाला और इसके आध्यात्मिक और सामाजिक पक्ष को समझाया। फिल्म लोकार्पण के बाद पद्मश्री मधुप मुद्गल ने साउंड्स ऑफ़ वननेस के अंतर्गत कबीर की वाणी में अद्वैत के भावों को प्रस्तुत किया। उनकी सांगीतिक प्रस्तुति ने श्रोताओं को अद्वैत के रस से आनंदित कर दिया। कबीर की वाणी और संगीत के माध्यम से अद्वैत का अनुभव प्रदान करते हुए उन्होंने श्रोताओं को बताया कि एकत्व और सत्य का मार्ग ही जीवन का वास्तविक उद्देश्य है।

इस अवसर महामंडलेश्वर स्वामी प्रणवानंद सरस्वती सहित संतजन उपस्थित रहे। एकात्म धाम शिविर, अद्वैत वेदांत के लोकव्यापीकरण का प्रमुख केंद्र बनकर महाकुंभ में श्रद्धालुओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बना हुआ है। यहाँ होने वाली गतिविधियां अद्वैत दर्शन के गूढ़ तत्वों को सरलता से जनमानस तक पहुँचाने का कार्य कर रही हैं। सोमवार की शाम 6 बजे प्रसिद्ध गायक अलंकार सिंह गुरुवाणी में अद्वैत भाव का गायन करेंगे।

## कन्यादान महादान, इसमें सभी की भावनाएं जुड़ी हैः उप मुख्यमंत्री देवड़ा

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा है कि राज्य सरकार गरीब वर्ग के लिए अनेक योजनाएँ संचालित कर रही है। इन योजनाओं से गरीब परिवारों के जीवन स्तर में सुधार के साथ उन्हें आत्म-निर्भर बनाया जा रहा है। शासन की मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना उन गरीब परिवारों के लिए वरदान बनी है, जो आर्थिक तंगी के कारण अपनी बेटियों का धूमधाम से विवाह करने में असमर्थ है। ऐसे परिवारों की चिन्ता राज्य सरकार कर रही है। उप मुख्यमंत्री देवड़ा मंदसौर जिले के संत श्री रोटीराम जी महाराज कदम आश्रम, गौशाला, बेहपुर, चांदीखेडी, खजुरिया सारंग में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

# मप्रबना त्वरित डिजिटल इनिशिएटिव अपनाने वाला पहला राज्य




## ऑनलाइन हो सकेगी सम्मन और वारंट की ट्रैकिंग

**भोपाल।** मध्यप्रदेश राज्य न्यायिक अकादमी के दो दिवसीय मुख्य जिला और सत्र न्यायाधीश सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए सर्वोच्च न्यायालय के न्यायधीश न्यायमूर्ति अभय एस. ओक ने ई-ज्योति जर्नल और त्वरित नामक अत्याधुनिक डिजिटल इनिशिएटिव का शुभारंभ किया। त्वरित के माध्यम से सम्मन और वारंट की स्थिति ऑनलाइन ट्रैक भी की जा सकेगी। मध्यप्रदेश इस पहल के लिए नियमों को अधिसूचित करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है, जो न्यायिक प्रणाली में डिजिटल नवाचार का एक अनुकरणीय उदाहरण है।

न्यायमूर्ति ओक ने न्याय प्रणाली में जिला न्यायालयों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने जिला न्यायाधीशों से पुराने लंबित मामलों के निराकरण को प्राथमिकता देने और नवीन दृष्टिकोण अपनाने का आग्रह किया। जबलपुर में आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन में मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत, न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुश्रुत अरविंद धर्माधिकारी और अन्य न्यायाधीश सम्मिलित हुए। सम्मेलन में प्रदेश के सभी मुख्य जिला और सत्र न्यायाधीश, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण , राज्य न्यायिक अकादमी के वरिष्ठ अधिकारी, और अन्य गणमान्य नागरिक सम्मिलित हुए। द्वैमासिक पत्रिका ई-ज्योति जर्नल अकादमी की वेबसाइट पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध रहेगी।

## पांच रेलवे स्टेशनों पर लगेगा नया फायर सिस्टम, धुआं उठते ही अलार्म बज जाएगा

भोपाल। भोपाल समेत पांच रेलवे स्टेशनों पर नया फायर सिस्टम लगाया जा रहा है। इस नए फायर सिस्टम में धुआं उठते ही अलार्म बज जाएगा, जिससे जल्द आग पर काबू पाया जा सकेगा। भोपाल, संत हिरदाराम नगर, बीना, गुना, और मक्सी स्टेशनों पर नया फायर सिस्टम लगाया जा रहा है। धुआं उठते ही अलार्म बज जाएगा, जो तुरंत सूचना देगा और आग पर जल्दी काबू पाया जा सकेगा। रानी कमलापति स्टेशन पर यह फायर सिस्टम पहले से ही लगा हुआ है। नए फायर सिस्टम के जुड़ने से रेलवे स्टेशनों की सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत होगी।

## गेहूं खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन शुरू ,2425 रुपए व्रति क्विंटल समर्थन मूल्य

**भोपाल।** किसानों के लिए एक अच्छी खबर है। गेहूं खरीदी के लिए आज से पंजीयन प्रारंभ हो गया है। गेहूं की खरीदी 2425 रुपए प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जाएगी। गेहूं खरीदी के लिए आज से किसानों का पंजीयन शुरू हो गया है। गेहूं की खरीदी 2425 रुपए प्रति क्विंटल पर होगी। उपार्जन केंद्रों पर मेकेनाइज्ड क्लीनिंग मशीनें स्थापित की जाएंगी।राज्य में 4000 गेहूं उपार्जन केंद्र बनाए जाएंगे। खरीदारी ई-उपार्जन सॉफ्टवेयर के माध्यम से की जाएगी।

## रेलवे ने 30 लाख का जुर्माना वसूला

**भोपाल।** रेलवे द्वारा चालू वित्तीय वर्ष के अप्रैल से दिसंबर तक में गन्दगी फैलाने वालों के विरुद्ध चलाये गए अभियान में कुल 17050 व्यक्तियों के मामले पकडे गए, जिनसे कुल 30 लाख 55 हजार 245 रूपये जुर्माना वसूला गया। अकेले दिसम्बर माह में गन्दगी फैलाने वालों के विरुद्ध चलाये गए अभियान में कुल 1859 व्यक्तियों के मामले पकडे गए, जिनसे कुल 03 लाख 97 हजार 420 रूपये जुर्माना वसूला गया।

## मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में मूक बधिर बच्चों के चेहरे पर बिखरा खुशी का रंग

# हरसंभव फाउंडेशन की ओर से मातृ शक्तियों ने बरसाई बच्चों पर ममता




**रायपुर।** कहते हैं नि:स्वार्थ भाव से किसी के जीवन में पल भर की खुशी लाना किसी असंभव से कम नहीं होता है पर हरसंभव फाऊंडेशन की मातृ शक्तियों ने अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति से इस इस असंभव को संभव कर दिखाया है। राजधानी रायपुर की स्वयं सेवी संस्था हरसंभव फाउंडेशन की टीम की कोर मेंबर्स जब मूक बाधिर बच्चों के आशियाने अर्पण दिव्यांग मूक बधिर विद्यालय में पहुंची तो इन दिव्यांगों की अनुभूति ने यशोदा मैया के उस स्नेह को महसूस कर लिया जिसकी सदैव इन बच्चों को जरूरत होती है।

हरसंभव फाउंडेशन की टीम में शामिल मातृ शक्तियों के सहयोग से मकर संक्रांति एवं तिल चौथ, सकट चौथ पर्व के उपलक्ष्य में अर्पण दिव्यांग मूक बधिर विद्यालय रायपुर में सामूहिक रूप से खाद्य सामग्री, राशन जैसे दाल, चावल, आटा, नमक, तेल, शक्कर, अचार, घी, चॉकलेट, बिस्किट, पोहा, सूजी, बेसन, नमकीन एवं अन्य जरूरत की सामग्री साबुन, शैंपू, पेन, रबर, कटर, आदि का वितरण किया गया। हरसंभव फाउंडेशन की संस्थापक अध्यक्ष पुष्पलता त्रिपाठी ने कहा कि प्राचीन काल से माघ के पवित्र महीने में दान का विशेष महत्व बताया गया है। मकर संक्रांति एवं सकट तिल चौथ का दान विशेष फलदाई होता है। हम सभी ने इसी दान से पुण्य लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से सामूहिक सहयोग से उन दिव्यांग बच्चों के चेहरे पर चंद पलों के लिए ही सही ममत्व बरसाने की कोशिश की है।

### इन मातृ शक्तियां बनी ममता की साक्षी

अर्पण दिव्यांग मूक बधिर विद्यालय में रह रहे दिव्यांग बच्चों के अंधेरे जीवन को अपनी ममत्व के लाड़ प्यार से ममता का स्पर्श कराने में हरसंभव फाउंडेशन की अध्यक्ष पुष्पलता त्रिपाठी, रेवती सिंह, वीणा रावत, उर्मिला सोनी, बबीता गोयल, अनीता अग्रवाल, कस्तूरी साहू, प्रेमलता त्रिवेदी, शोभा टिबरेवाल, राधा रानी श्रीवास, भारती शर्मा, नीलू, छाया देवांगन, प्रेमलता साहू, जोशना मेश्राम, माधुरी जैन, गीता कटारिया, नीता थापा, पूनम मिश्रा, इंदु वर्मा, महक अंदानी, संध्या पांडे, कविता मिश्रा का अनुकरणीय योगदान रहा। इन मातृ शक्तियों के इस अभिनव प्रयास से समाज में एक प्रेरणादायक संदेश प्रसारित होगा जिससे अन्य लोगों को भी इस तरह के सामाजिक सरोकार के पुनीत कार्य की सहभागी बनने की इच्छा बलबती होगी।

स म्पा द की य

# चीन की हरकत और हमारी चुप्पी...!

पुरानी सरकारों पर तो सत्तापक्ष के नेता लगातार आरोप लगाते रहते हैं कि चीन ने हमारी जमीन हड़प ली और हमने कुछ नहीं किया। अब फिर एक बार चीन की हरकत सामने आई है, लेकिन इस पर हमारी सरकार की चुप्पी न केवल दुखद है, अपितु आश्चर्यजनक भी है।

असल में भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल द्वारा जनवरी के पहले हफ्ते में जानकारी दी है कि चीन ने होटन प्रिफेक्चर नामक अपने इलाके में लदाख की काफी भारतीय जमीन 'गैरकानूनी रूप से हड़पते' हुए अपनी दो नई काउंटियां (हेकांग और हेआन) स्थापित कर दी हैं। काउंटियां यानी प्रशासनिक इकाइयां, जहां दफ्तर और भवन होते हैं, पुल बनाए जाते हैं, लोग रहते हैं, काम करते हैं और जहां चीन की प्रभुसत्ता भी बसेगी। यानी अब चीन इस जमीन पर एक तरह से कब्जा



कर चुका है और वह यहां से पीछे नहीं जा जाएगा।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने यह भी जानकारी दी कि चीन यारलुंग सांगपो नदी पर दुनिया का सबसे बड़ा पनबिजली बांध 137 अरब डॉलर की लागत से बनाने जा रहा है। इस नदी से हम सब परिचित हैं। जब यह बहते हुए उतरकर अरुणाचल प्रदेश और असम में पहुंचती है तो इसका नाम ब्रह्मपुत्र हो जाता है। अगर यह बांध बन गया तो भारत के पर्यावरण के लिए भीषण खतरा स्थायी रूप से पैदा हो जाएगा। चीन इससे 60 गीगाबाइट बिजली पैदा करेगा। यानि इससे अभी तक के सबसे विशाल थ्री गोर्जिज डैम से भी ढाई गुना ज्यादा बिजली पैदा होगी।

भारत में चीन के होटन प्रिफेक्चर को खोटान के नाम से जाना जाता है। चीन ने इसमें अक्साई चिन का काफी इलाका हड़पकर जोड़ रखा है। वह 'सलामी स्लाइसिंग' के नाम से कुख्यात अपने हथकंडे के जरिए पचास के दशक से ही भारतीय जमीन धीरे-धीरे कब्जाता रहा है। विदेश मंत्रालय के अनुसार यह 38 हजार किमी है। समझा जाता है कि पिछले दस साल में भी उसने इसी हथकंडे से इस गैरकानूनी कब्जे में बहुत-सी जमीन जोड़ी है।

उसने भारत को आधिकारिक रूप से न काउंटियां बनाने की जानकारी दी, और न ही बांध बनाने की। विदेश मंत्रालय को इसका पता चीनी समाचार एजेंसी सिनहुआ में छपी खबर से मिला। जाहिर है कि हमारा मंत्रालय 3 जनवरी तक इस बेचैन कर देने वाले घटनाक्रम के फलितार्थों पर गहराई से गौर करता रहा होगा। इससे पता चलता है कि इस संबंध में भारत की दुविधाएं और मजबूरियां किस स्तर की हैं? चीन-भारत संबंधों का अध्ययन करने वाले कई सुरक्षा-विशेषज्ञ एक अरसे से इस समस्या पर चेतावनीमूलक विचार करते रहे हैं। लेकिन ये सवाल और तथ्य सार्वजनिक विमर्श का हिस्सा नहीं बन पाए।

आश्चर्य की बात यह है कि भारत इस मसले पर केवल आपत्ति दर्ज कराकर रह गया। क्या उसके पास दुनिया के किसी मंच पर कोई ऐसा विकल्प नहीं, जहां वह इस घोर विस्तारवादी कदम के खिलाफ चीन को कठघरे में खड़ा करके जवाबतलब कर सके? क्या भारत अंतरराष्ट्रीय मंच पर चीन का गिरेबान पकड़ने की हैसियत नहीं रखता? और, जिस तरह से हमारे सत्ताधारी नेता बयान देते हैं, चीन पर भारत का दबाव बनने की बात करते हैं, चीन के सामान का बहिष्कार करने की बात करते हैं, लेकिन उन्हीं की सरकार की नाक के नीचे एक बार फिर से चीन हमारी जमीन पर कब्जा कर चुका है और हम कुछ बोल भी नहीं रहे हैं।

असल में 2021 में गलवान घाटी की घटना के बाद भारतीय सेना ने इस इलाके में 'प्ले सेफ' रवैया अपना रखा है। इस चक्कर में धीरे-धीरे वह लदाख के 65 पैट्रोलिंग पाइंट्स में से 26 पाइंट्स खोने की स्थिति में पहुंच गई है। यह रवैया सेना तभी अपनाती है, जब उसे राजनीतिक नेतृत्व द्वारा ऐसी हिदायत दी जाती है। अन्यथा वह पहलकदमी ले कर अपने पैट्रोलिंग पाइंट्स दोबारा हस्तगत करने की कार्रवाई भी कर सकती है।

चीन बहुत पहले से इस तरह के पनबिजली बांध बनाने की घोषित योजना पर काम करता आ रहा है। 2021 में उसकी 14वीं पंचवर्षीय योजना में ऐसे कई बांधों का जिक्र है, जो चीन ब्रह्मपुत्र के ऊपरी और मध्यवर्ती प्रवाह पर बना रहा है। इनमें एक जागमू नामक पनबिजलीघर तो पहले से चालू है। कुछ बांध ऐसे भी हैं जिन्हें बनाने में उसके सामने कई तरह की तकनीकी दिक्कतें आ रही हैं। लेकिन भारत की आपत्तियों की चीन को परवाह नहीं है। चीन भारत के साथ कोई जलसंधि करने के लिए भी तैयार नहीं है, जबकि ब्रह्मपुत्र के प्रवाह के निचले हिस्से पर भारत का पूरा अधिकार है।

सवाल तो उठता ही है, भारत के पास चीन की इन कार्रवाइयों को थामने, उसे पीछे धकेलने और अपनी जमीन वापिस हासिल करने का कोई ब्लूप्रिंट है? 2017 में डोकलाम में दोनों देशों के सैनिकों के बीच हुई हिंसा के बाद से लगता है कि हमने हथियार डाल दिये हैं। यह बहुत ही गंभीर मामला है। हम अपनी सीमाओं के पूरी तरह सुरक्षित होने की बात करते हैं, हम विश्व गुरू होने की बात करते हैं, और भी तमाम दावे करते हैं, लेकिन चीन की हरकतों का जवाब नहीं दे पा रहे हैं। भारत सरकार की चुप्पी चौंकाने वाली तो है ही, दुखद भी है। हमारी जमीन चीन फिर से हड़प रहा है, कह सकते हैं हड़प चुका है, हम चुप हैं। वह और आगे बढ़ेगा, तब क्या करेंगे?

# अमित शाह ने म.प्र. में ई-समन प्रणाली की सराहना की

**अरुण पटेल**

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को इस बात से काफी सुकून मिला होगा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मध्यप्रदेश सरकार द्वारा ई-समन व्यवस्था लागू किये जाने की सराहना की और इसके साथ ही अन्य राज्यों को भी इस पर अमल करने की सलाह दी। इस प्रकार मोहन यादव सरकार केन्द्र की नजर में सराहनीय कार्य कर रही है और जहां जरुरी है वह आवश्यक कदम उठा रही है। तीन आपराधिक कानूनों में मध्यप्रदेश सरकार के कामकाज की समीक्षा के दौरान अमित शाह की बॉडी लैंग्वेज से यही प प्रदर्शित हो रहा था कि मोहन यादव पर उनका वरदहस्त है और वह उनके द्वारा उठाये जाने वाले कदमों को उचित मानते हैं। मध्यप्रदेश की ई-समन व्यवस्था को अन्य राज्यों को भी अपनाने का परामर्श उन्होंने दिया। ऐसा माना जाता है कि अमित शाह ने मध्यप्रदेश में लागू नये आपराधिक कानूनों की एक प्रकार से समीक्षा की और उसमें उन्होंने पाया कि यह अपने आप में एक मॉडल व्यवस्था है। मध्यप्रदेश ई-समन प्रणाली लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है और न केवल पहला राज्य बना बल्कि उसने जो कदम उठाये उसे केंद्रीय गृहमंत्री का समर्थन भी मिला है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की ओर से दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री से हुई अपनी मुलाकात के दौरान उन्होंने कानूनों के परिपालन पर एक रिपोर्ट भी पेश की जिसमें बताया कि नये आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए बड़े स्तर पर प्रशिक्षण दिलवा रहे हैं। इसका एक अर्थ यह भी निकलता है कि मोहन यादव केवल कानून में संशोधन कर चुप बैठने वाले नहीं बल्कि उसका परिपालन भी सही ढंग से हो इसकी माकूल व्यवस्था भी कर रहे हैं। कानून में शामिल सभी बिन्दुओं पर तेजी से अमल किया जा रहा है। यादव ने बताया कि ई-समन व्यवस्था को लागू करने वाला मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है।

मोहन यादव ने जो प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया उसमें यह रेखांकित किया गया है कि आधुनिकतम संसाधनों के प्रयोग से इलेक्ट्रानिक साक्ष्य के आधार पर प्रकरणों का तेजी से निराकरण किया जा रहा है।



इस व्यवस्था से न्याय प्रक्रिया आसान हुई है तथा पुलिस का समय भी बच रहा है। अमित शाह ने मुख्यमंत्री मोहन यादव को महीने में एक बार मुख्य सचिव को 15 दिन में और पुलिस महानिदेशक को सप्ताह में एक बार संबंधित विभागों के अफसरों के साथ नये कानून की समीक्षा करने का निर्देश दिया। उनकी अपेक्षा थी कि राज्य के पुलिस महानिदेशक सभी पुलिस कर्मियों को समय पर न्याय दिलाने के लिए संवेदनशील बनायें। इसका मतलब साफ है कि शाह ने यह स्पष्ट रुप से जता दिया है कि पुलिसकर्मी अपना पुराना ढर्रा बदलें और उनका रवैया ऐसा होना चाहिये जिससे लोगों को लगे कि उन्हें समय पर न्याय मिल रहा है।

केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने कड़े व स्पष्ट निर्देश देते हुए इस बात पर जोर दिया है कि नये कानूनों को शत -प्रतिशत लागू किया जाए तथा आतंकवाद और संगठित अपराधों से जुड़ी धाराओं में केस दर्ज करने से पहले वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मामले का मूल्यांकन किया जाए। जीरो पर की गई कितनी एफआईआर नियमित में बदलीं इसकी भी निरन्तर निगरानी की जाए और सीसीटीएनएस के जरिये दो राज्यों के बीच एफआईआर ट्रांसफर करने की व्यवस्था का पालन हो। शाह ने यह भी निर्देश दिया कि एक से अधिक फोरेंसिक साइंस मोबाइल वेन उपलब्ध कराई जायें तथा अस्पतालों और जेलों पर्याप्त संख्या क्यूबिकल विकल्प बनाये जायें ताकि वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये साक्ष्य दर्ज कराने में मदद मिल सके। राष्ट्रीय सुरक्षा से जुडे मामलों में आरोपित ऐसे भगोड़ों के खिलाफ अनुपस्थिति में परीक्षण की शुरुआत करें जो लम्बे समय से फरार हैं। पूछताछ के लिए हिरासत में रखे गये लोगों की जानकारी इलेक्ट्रानिक डेशबोर्ड पर उपलब्ध होना चाहिये। सूची और अदालत में भेजे जाने वाले मामलों की जानकारी भी डेशबोर्ड बताये। फारेंसिक विज्ञान के जानकार अधिकारियों की भर्ती के लिए मध्यप्रदेश नेशनल फारेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी से समझौता किया जाए।

आमने-सामने भिड़ते भूपेंद्र और हेमंत

पूर्व मंत्री और सागर जिले की खुरई विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक भूपेन्द्र सिंह और मध्यप्रदेश विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे इन दिनों आमने-सामने आकर एक-दूसरे से भिड़न्त करने की मुद्रा अख्तियार किए हुए हैं। भूपेन्द्र सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखकर अटेर विधानसभा क्षेत्र के विधायक और विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे के विरुद्ध प्रकरणों तथा उनके भाई योगेश के आपराधिक मामलों की जांच कराने की मांग की है। उन्होंने यह भी मांग की है कि हेमंत कटारे के प्रकरण में एफएसएल रिपोर्ट को पॉजिटिव से निगेटिव में बदलने की निष्पक्ष जांच कराई जाये। भूपेंद्र सिंह ने यह भी कहा कि योगेश कटारे पर 35 आपराधिक प्रकरण चल रहे हैं। वहीं दूसरी ओर हेमन्त कटारे ने भूपेंद्र सिंह के आरोपों के जवाब में कहा है कि जिस युवती का उपयोग कर मुझे झूठे केस में फंसाने का काम किया गया था उस एफआईआर को हाईकोर्ट निरस्त कर चुका है। युवती ने शपथपत्र देकर साजिश को उजागर किया था। कटारे ने आरोप लगाया कि जब केस दर्ज हुआ था तब भूपेंद्र सिंह ही गृहमंत्री थे और उनके इशारे पर ही एफआईआर हुई थी। हेमंत कटारे ने भूपेंद्र सिंह को सलाह दी है कि महिलाओं की आड़ लेकर राजनीति न करें और सामने आकर लड़ें, शायद भूपेंद्र सिंह को नियम, कानून का ज्ञान नहीं है, ज्ञान होता तो इस तरह का पत्र नहीं लिखते। भाई पर लगे आरोपों के संबंध में उन्होंने कहा कि यदि 35 अपराधों की सूची देते हैं तो राजनीति से सन्यास ले लूंगा। कटारे ने भूपेंद्र सिंह पर जो आरोप लगाये हैं उससे संबंधित तथ्यों के दस्तावेज भी दिये हैं, और इसी आधार पर उन्होंने सिंह को सन्यास लेने की सलाह दी है साथ ही कटारे ने उन लगाये लगाये गये आरोपों की तथ्यात्मक जानकारी देने की मांग की है। उन्होंने यह भी सलाह दी कि आपकी सरकार है कार्रवाई कीजिए और सस्ती लोकप्रियता के लिए झूठे आरोप न लगायें। परिवहन घोटाले के बारे में कटारे ने सिंह से कहा है कि अब आपको राजनीति से सन्यास ले लेना चाहिये क्योंकि मैंने आपकी नोटशीट भी आपको दिखा दी है। सन्यास सम्मानपूर्वक होना चाहिये, मैं भी शामिल होने आऊंगा।

और यह भी

मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व वरिष्ठ कांग्रेस नेता सांसद दिग्विजय सिंह ने भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के लोगों को समझाया है कि केवल नारे लगाकर भाजपा और आरएसएस से नहीं लड़ सकते हो इसके लिए संघर्ष करना होगा। राजनीतिक जीवन कठोर होता है और लाखों में सौ-दो सौ ही सफल हो पाते हैं। हम उस देष के लोग हैं जिसमें सनातन सबसे पुराना धर्म है और जो सभी धर्मों का सम्मान करने वाला है। कार्यकर्ताओं को उन्होंने सफल होने का मंत्र देते हुए कहा कि संपर्क, संवाद, संयम, सामंजस्य और सकारात्मकता को अपनायें। इस प्रकार उनके पांच सूत्रीय मंत्र पर कार्यकर्ता कितना अमल करते हैं यह आने वाले समय में ही पता चल सकेगा। उन्होंने कहा कि रिटायर्ड प्रोफेसर, प्रचार्य और शिक्षाविदों को अपने कार्यक्रमों में शामिल करें। स्कूलों से कालेजों में प्रवेश लेने वाले छात्रों की हेल्पडेस्क लगाकर मदद करना संगठन का उद्देश्य होना चाहिये।

# यह कैसा गठबंधन?

**राकेश दुबे**

और दिल्ली में कांग्रेस और इंडिया गठबंधन का हिस्सा आम आदमी पार्टी एक-दूसरे के खिलाफ मुकाबला कर रही हैं, साफ़ है सत्ता की इस दौड़ में दोनों दलों के नेता एक-दूसरे की छिछालेदार करने में भी पीछे नहीं हैं। दिल्ली के सीलमपुर में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने विधानसभा चुनाव के लिए पहली रैली के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की रणनीति को भाजपा जैसा बताया। क्षेत्रीय स्तर पर कांग्रेस नेता अरविंद केजरीवाल के खिलाफ बोलते रहे हैं, लेकिन यह पहला मौका था जब राहुल गांधी ने सीधे तौर पर अरविंद केजरीवाल पर वार किए। पिछले कई दिनों से दोनों ही राजनीतिक दल एक-दूसरे पर भाजपा से मिले होने का आरोप लगा रहे हैं। कांग्रेस और आप आपस में ही जब विरोधी की भूमिका निभा रही हैं, ऐसे में भाजपा को दोनों के खिलाफ ज्यादा कुछ करने की जरूरत नहीं पड़ रही है।

भाजपा दोनों ही दलों की चुटकियां लेकर गठबंधन की खिल्ली उड़ाने में लगी है। राहुल गांधी ने कहा कि केजरीवाल आए और कहा कि दिल्ली साफ कर दूंगा, भ्रष्टाचार मिटा दूंगा, पेरिस बना दूंगा। अब हालात ऐसे हैं कि भयानक प्रदूषण है। लोग बीमार रहते हैं। लोग बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। जैसे मोदी जी झूठे वादे और प्रचार करते हैं, वैसे ही झूठे वादे केजरीवाल करते हैं। उन्होंने कहा कि इन दोनों में कोई फर्क नहीं है। उन्होंने कहा कि



जब मैं जातिगत जनगणना की बात करता हूं, तो नरेंद्र मोदी और केजरीवाल के मुंह से एक शब्द नहीं निकलता।

ऐसा इसलिए क्योंकि दोनों चाहते हैं कि देश में पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों को भागीदारी नहीं मिले। राहुल गांधी के बयान पर आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भी पलटवार किया और कहा कि राहुल गांधी ने उन्हें गाली दी। केजरीवाल ने यह भी कहा है कि उन्होंने राहुल गांधी पर एक लाइन बोली, लेकिन जवाब भाजपा वालों की ओर से आ रहा है। करीब सात महीने पहले ही दोनों पार्टियां लोकसभा चुनाव एक ही गठबंधन में रहकर लड़ी थीं, हालांकि उसके बाद हरियाणा विधानसभा चुनाव दोनों अलग-अलग लड़े, लेकिन शीर्ष नेतृत्व के स्तर पर ऐसे जुबानी हमले पहले सुनाई नहीं पड़े थे। केजरीवाल ने कहा कि क्या बात हैज्मैंने राहुल गांधी पर एक ही लाइन बोली और जवाब भाजपा वालों से आ रहा है। भाजपा को देखिए कितनी तकलीफ हो रही है। गौरतलब है कि कांग्रेस की देश से सत्ता समटेने में जो भूमिका भाजपा ने निभाई है, उसमें आप पार्टी का योगदान भी कम नहीं है। हाल ही में हुए कुछ राज्यों के विधानसभा और लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के प्रदर्शन के बाद आप को एहसास हो गया कि किसी भी तरह का गठबंधन करने से उसे नुकसान ही होगा। दिल्ली की राजनीति में कांग्रेस पार्टी पिछले दो विधानसभा चुनावों में अपना खाता तक नहीं खोल पाई।

कांग्रेस भरसक कोशिश कर रही है कि किसी भी तरह सत्ता वापस मिल जाए, हालांकि आप और भाजपा की दमदार मौजूदगी में इसकी संभावना कम नजर आती है। कांग्रेस दिल्ली में अपने शीर्ष पर थी, तब उसके पास 40 प्रतिशत तक का वोट शेयर था। लेकिन 2020 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस सिर्फ 4.26 प्रतिशत ही वोट हासिल कर सकी। इससे पहले साल 2015 में हुए विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने 9.7 प्रतिशत वोट हासिल किए थे। कांग्रेस 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों में एक भी सीट नहीं जीत पाई थी।

# अंबेडकर पर कांग्रेस-भाजपा में शह-मात की जंग....




**दिनेश निगम त्यागी**

कांग्रेस-भाजपा के बीच बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के मान-अपमान को लेकर शुरू हुई जंग मप्र पर केंद्रित है। वजह है अंबेडकर की जन्मस्थली का महू में होना और कांग्रेस द्वारा यहां से 'जय बापू, जय भीम, जय संविधान' अभियान की शुरुआत। 27 जनवरी को आयोजित इस कार्यक्रम में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, सांसद प्रियंका गांधी सहित सभी वरिष्ठ नेता पहुंचने वाले हैं। कांग्रेस की योजना महू से शुरू अभियान को हर शहर, कस्बे और गांव तक ले जाने की है। कार्यक्रम मप्र में है इसलिए प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी इसमें पूरी ताकत झोंक रहे हैं। उनके पास हाईकमान के सामने खुद को साबित करने का यह मौका भी है। अभियान से सतर्क भाजपा ने अंबेडकर मामले में जीतू को बैकफुट पर लाने का अभियान चला रखा है। पटवारी ने इसके अवसर भी उपलब्ध करा दिए। जैसे, वे अंबेडकर की फोटो वाले पोस्टर को घुटने पर रख कुछ लिखने लगे। बंगले में पीसी ली तो दीवार पर महात्मा गांधी और अंबेडकर के फोटो मल्लिकार्जु खरगे-राहुल गांधी के नीचे लगे दिखाई पड़े। भाजपा ने इन्हें जीतू द्वार बाबा साहेब के अपमान से जोड़ दिया। भाजपा जवाब में 'संविधान गौरव अभियान' भी चला रही है। इस तरह अंबेडकर को लेकर कांग्रेस- भाजपा के बीच शह- मात की जंग जारी है।

**लीजिए, अब जीतू-उमंग के बीच नहीं बैठ रही पटरी**

प्रदेश में कांग्रेस जब भी विवादों से उबर कर आगे बढ़ने की कोशिश करती नजर आती है, तभी नए पंगे की खबर पार्टी कार्यकर्ताओं को हताश कर देती है। पहले खबर थी कि प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी से वरिष्ठ नेता कमलनाथ नाराज हैं। कमलनाथ ने इस पर स्पष्टीकरण जारी कर मामले को ठंडा करने की कोशिश की। पूर्व?नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव के साथ भी पटवारी की पटरी न बैठने की खबरें आती रहती हैं। अब जीतू और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के बीच ही



मोर्चा?खुले होने की चर्चा?है। कमलनाथ की नाराजगी पॉलीटिकल अफेयर कमटी की बैठक के दौरान सामने आई?थी, जबकि जीतू-उमंग के बीच तनातनी की खबर पार्टी?की प्रबंध समिति की बैठक के बाद सार्वजनिक हुई। उमंग इसे लेकर नाराज हैं कि कांग्रेस में उनकी राय नहीं ली जाती। विधायकों से 'वन टू वन' में भी उन्हें भेरोसे में नहीं लिया जा रहा है। वे चाहते हैं कि जिलाध्यक्षों की नियुक्ति विधायकों की राय से हो, इस पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा। उमंग ने यह शिकायत पार्टी के प्रदेश प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह से की लेकिन उन्होंने टका सा जवाब दे दिया। उन्होंने कहा कि संगठन ही सर्वोपरि है। साफ है कि जीतू-उमंग के बीच कोई तालमेल नहीं है। यह स्थिति पार्टी को कहां ले जाएगी, फिलहाल कुछ भी कह पाना कठिन है।

**खत्म तो नहीं हो रही कमलनाथ की राजनीतिक पारी**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ एक साल पहले विधानसभा चुनाव तक फिर मुख्यमंत्री बनने का सपना देख रहे थे। वे प्रदेश कांग्रेस के एक मात्र शक्ति केंद्र थे। लगभग 6 साल तक वे ही कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष, मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष थे। पार्टी में वही होता था, जो वे चाहते थे। किसी ने कल्पना नहीं की होगी कि एक साल बाद ही पार्टी?में उनकी सक्रियता बयानों तक सीमित होकर रह



जाएगी। आज का सच यही है। कमलनाथ पार्टी की किसी भी बैठक में शामिल नहीं होते, होते भी हैं तो वर्चुअल। हां, लगभग हर ज्वलंत मुद्दे पर उनका बयान जरूर आता है। इसमें वे भाजपा सरकार और संगठन की आलोचना करते हैं। ज्यादा सक्रिय रह कर वे कांग्रेस की नई टीम का मार्गदर्शन कर सकते हैं लेकिन वे प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी से नाराज बताए जाते हैं। दूसरी तरफ ऐसा भी लगता है कि लोकसभा चुनाव के दौरान जब उनके भाजपा में जाने की अटकलों ने जोर पकड़ा था, तब से कांग्रेस हाईकमान ने उन्हें साइडलाइन कर रखा है। वे सोनिया गांधी, राहुल गांधी से कई मुलाकात कर चुके हैं। हर बार केंद्र में उन्हें नई जवाबदारी मिलने की अटकलें भी शुरू हुईं लेकिन नतीजा सिफर है। कमलनाथ के पास कोई दायित्व नहीं है। लगभग उनकी ही उम्र के दूसरे वरिष्ठ?नेता दिग्विजय सिंह पूरी तरह सक्रिय हैं। कमलनाथ की राजनीतिक पारी समाप्त तो नहीं हो गई?

**भूपेंद्र के लिए महंगा पड़ने लगा संगठन से पंगा लेना**

जैसी संभावना थी वही हुआ, पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह को संगठन और सरकार से पंगा लेना महंगा पड़ने लगा। मंत्री गोविंद सिंह राजपूत से विवाद के चलते



उन्होंने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था और खुरई क्षेत्र के एक कार्यक्रम के बैनर में वीडी के साथ मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का भी फोटो नहीं लगाया था। तब से ही भूपेंद्र को इसका राजनीतिक नुकसान उठाने की चर्चा?चल पड़ी थी। यह संभावना सच भी साबित होने लगी। एक तरफ भूपेंद्र को वीडी के समर्थन और तारीफ में पत्र लिख कर बैकफुट में आना पड़ा, दूसरी तरफ परिवहन घोटाले को लेकर उनके खिलाफ मोर्चे खुल गए। विधानसभा में उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे ने आरोप लगाया कि भूपेंद्र की सिफारिश पर सौरभ शर्मा की परिवहन विभाग में भर्ती हुई थी। जवाब में भूपेंद्र ने चुनौती दे डाली की यदि हेमंत आरोप साबित कर दें तो वे राजनीति से सन्यास ले लेंगे। हेमंत ने मीडिया को उनके हस्ताक्षर वाली नोटशीट भी जारी कर दी। अब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने पूछ लिया कि सौरभ समर्थक कब सन्यास ले रहे हैं? भूपेंद्र ने कहा था कि हेमंत मैनेज होकर आरोप लगाते हैं। यह सच हो सकता है फिर भी भूपेंद्र घिरते नजर आ रहे हैं। पिछली सरकार में ताकतवर रहे भूपेंद्र इस भंवर से वे खुद को कैसे निकालते हैं, इस पर सभी की नजर है।

**नियम, मापदंडों के साथ खड़ी नहीं रह सकी भाजपा**

अनुशासित और नियम-कायदों से चलने वाली भाजपा न मंडल अध्यक्षों के चुनावों में खुद द्वारा तय मापदंडों पर चल सकी थी, न जिलाध्यक्षों के निर्वाचन में पार्टी संविधान के नियम और तय क्राइटेरिया के साथ खड़ी रह सकी' मापदंडों का पालन न होने के कारण 50 मंडल अध्यक्षों के चुनाव होल्ड कर देना पड़े थे, कुछ जिलाध्यक्षों का निर्वाचन भी इससे भिन्न नहीं है। पार्टी संविधान के साथ खड़े न होने का पहला उदाहरण है शिवपुरी जिलाध्यक्ष का चुनाव। प्रावधान है कि पार्टी का जिलाध्यक्ष वही बन सकता है, जो कम से कम 6 साल पार्टी का सक्रिय सदस्य रहा हो। भाजपा के प्रति निष्ठा संदेह से परे हो। शिवपुरी जिलाध्यक्ष घोषित किए गए जसवंत जाटव 2020 में ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ भाजपा में आए थे और इसके बाद हुए उप चुनाव में हार गए थे। साफ है कि भाजपा ने केंद्रीय मंत्री सिंधिया के दबाव के सामने अपने संविधान को तिलांजलि दे दी। अब शिवपुरी जिले की भाजपा को कांग्रेस से आया नेता चलाएगा। दूसरा उदाहरण हैं अमित चपरा। भाजपा ने तय किया था कि 60 साल से कम उम्र वाला ही जिलाध्यक्ष बनेगा लेकिन शहडोल जिले की अध्यक्ष अमिता चपरा की उम्र 60 से ज्यादा बताई गई है। हालांकि अमिता पद के योग्य हैं और संगठन में कई दायित्व निभा चुक हैं, फिर भी पार्टी द्वारा तय मापदंड तो टूट गया।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

# संगम सेवालय द्वारा कूपी गांव में गर्म कपड़ों और कंबलों का वितरण



किशनगढ़ क्षेत्र के कूपी गांव में संगम सेवालय द्वारा एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें ठंड के मौसम को ध्यान में रखते हुए जरूरतमंद परिवारों को गर्म कपड़े और कंबल वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों के लिए उपयुक्त गर्म कपड़े प्रदान किए गए।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ठंड के कारण होने वाली परेशानियों को कम करना और जरूरतमंदों को राहत प्रदान करना था। संगम सेवालय की टीम ने गांव में जाकर हर जरूरतमंद तक मदद पहुंचाने का प्रयास किया। वितरण के दौरान संगठन के सदस्यों ने यह भी सुनिश्चित किया कि हर लाभार्थी को उनकी आवश्यकता के अनुसार सामग्री मिले।वितरण के दौरान दिनेश स्वर्णकार, अजय चतुर्वेदी, सोनू तोमर,प्रमोद रैकवार,और गौतम विश्वकर्मा उपस्थित रहे संगम सेवालय के संस्थापक ने बताया कि,÷हमारा उद्देश्य है कि कोई भी व्यक्ति सर्दी के कारण परेशान न हो। समाज के सहयोग से इस तरह के अभियान को और भी प्रभावी बनाया जाएगा।गांव के लोगों ने संगम सेवालय के इस प्रयास की सराहना की और धन्यवाद व्यक्त किया। संगठन की यह पहल समाज के हर वर्ग को जोड़ने और एकजुटता का संदेश देने का एक उदाहरण है।

# पटाखा फोड़ने वाले साइलेंसरों की खैर नही



इटारसी। पटाखा फोड़ने वाली बुलेट चलाने वालों की अब खैर नहीं। नागरिकों शिकायत पर पुलिस उन्?हें घर से उठाएगी। बस नागरिकों का इतना करना है कि पटाखा बुलेट का वीडियो या फोटो नम्?बर प्?लेट के साथ निकालकर इटारसी पुलिस थाना टीआई और यातायात पुलिस को देना होगा । टीआई गौरव सिंह बुंदेला ने बताया कि पुलिस अधीक्षक गुरकरन सिंह, श्रीमान एसडीओपी महेंद्र सिंह चौहान के मार्गदर्शन में पिछले दिनों मोडीफाई साइलेंसर लगाकर बुलेट से पटाखा जैसी आवाज निकालने वाली बुलेट के चालकों विगत दिनों से कार्रवाई की जा रही है। इसी तारतम्य में अभियान को आगे बढाया जा रहा है। यातायात पुलिस सड़क पर चेकिंग के दौरान तो ऐसी बुलेट पर कार्रवाई करेगी ही। इस अभियान में नया यह जोड़ा गया है कि शहर में जिस गली मोहल्?लों में यदि नागरिकों को पटाखा जैसी आवाज करने वाले कोई भी वाहन दिखाई दें तो दिये गए नंबर पर शिकायत करें। उन वाहनों का वीडियो बनाकर हमें दें, नम्?बर प्?लेट की जानकारी हमें दें। यदि नाम भी पता हो तो हमें जानकारी दें। हम सूचना देने वाले व्?यक्ति का नाम गोपनीय रखेंगे और उनके घर पर पहुंचकर बुलेट या ऐसे वाहनों की जांच करेंगे। यदि यातायात नियमों का उल्?लंघन करते हुए बाइक का साइलेंसर मिलता है तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# विधायक विष्णु खत्री ने की पंचायत भवन निर्माण की भूमि पूजन




बैरसिया। फंदा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बिशनखेड़ी में रविवार को विधायक विष्णु खत्री ने नवीन ग्राम पंचायत भवन निर्माण का भूमि पूजन किया।पंचायत भवन 25 लाख रुपये की लागत से निर्मित किया जाएगा। इस भवन में मीटिंग हॉल, ग्राम पंचायत सरपंच कक्ष, ग्राम पंचायत सचिव कक्ष सहित सहायक सचिव का कक्ष बनकर तैयार होगा। भूमि पूजन के कार्यक्रम के दौरान विधायक विष्णु खत्री ने कहा कि मेरी विधानसभा क्षेत्र में 156 ग्राम पंचायते है। इसमें 21 ग्राम पंचायतों का नया गठन किया गया है। सभी नव गठित ग्राम पंचायतों में नवीन भवन स्वीकृत है। कुछ में निर्माधीन है तो कुछ में निर्माण कार्य शुरू होना है। इसके अलावा जिन पंचायतों में भवन जर्जर थे। उन सभी पंचायतों में भी भवन स्वीकृत किये गए है। कुल मिलाकर आने वाले एक साल में लगभग सभी ग्राम पंचायतों में भवन हो जायंगे। उन्होंने कहा कि भारत गांवों में बसता है, इसलिए हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव का गांवों में हर मूलभूत सुविधा देने का सपना है। सपना साकार भी हो रहा है। गांव अब विकास की राह पर है। इसमें जल जीवन मिशन से घर-घर पानी पेयजल पहुचंना, हर घर गैस सिलेंडर प्रदान करना जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं का बड़ा योगदान है। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास और घर-घर शौचालय निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों के जीवन स्तर में सुधार हुआ है।

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष तीरथ सिंह मीणा, पूर्व जिलाध्यक्ष केदार सिंह मंडलोई और फंदा जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रमोद राजपूत सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# सामाजिक एवं धार्मिक सेवा में अग्रणी रहने वाले बिशनखेड़ा के रवि यादव का निधन



औबेदुल्लागंज। औबेदुल्लागंज क्षेत्र में सामाजिक धार्मिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में अपने दम पर अपनी अलग पहचान बनाने वाले बिशनखेड़ा के विशाल यादव के पूज्यनीय पिताजी समाजसेवी रवि यादव का रविवार को हृदय गति रूक जाने से निधन हो गया सहज शांत सरल और गंभीर स्वभाव के अच्छे सच्चे पवित्र हृदय के नेक दिल इंसान थे,आकस्मिक निधन से औबेदुल्लागंज, बिशन खेड़ा एवं पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।

## अभाविप की दो-दिवसीय केंद्रीय कार्यसमिति बैठक की जोधपुर में शुरुआत

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति से राष्ट्र की प्रकृति और संस्कृति के अनुरूप शिक्षा प्रणाली का विकास आवश्यक : डॉ. वीरेंद्र सोलंकी

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) की दो-दिवसीय केंद्रीय कार्यसमिति बैठक का आज राजस्थान के जोधपुर स्थित रघुवंशपुरम आश्रम में शुभारंभ हुआ। इस बैठक में शैक्षिक, सामाजिक, संगठनात्मक, पर्यावरणीय, सांस्कृतिक, खेल और सेवा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा की जाएगी और आगामी कार्यों की योजना तैयार की जाएगी। देश के हर राज्य से कुल 102 प्रतिनिधि इस बैठक में भाग ले रहे हैं। बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह-सरकार्यवाह श्री मुकुंद सी. आर. विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक में वर्तमान शैक्षिक, राष्ट्रीय एवं सामाजिक परिस्थितियों पर चर्चा के साथ ÷विचार बैठक 2025÷ के स्वरूप और प्रारूप, 70वें राष्ट्रीय अधिवेशन (2024-25) की समीक्षा, और विद्यार्थियों से जुड़े मुद्दों के अनुवर्तन पर विचार किया गया। ÷परिसर चलो अभियान,÷ भारतीय गणतंत्र के 75 वर्ष, स्वामी दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती, रानी दुर्गावती की पंचशती पूर्ति, और संघ शताब्दी वर्ष जैसे विशेष अभियानों की योजनाएं बनाई गईं। संगठनात्मक कार्यों और विश्वविद्यालय पाठ्यक्रम सुधार पर चर्चा के साथ आगामी वर्षों (2025-26 और 2026-27) की योजनाओं के लिए सुझाव दिए गए। सदस्यता अभियान और महाविद्यालय इकाइयों की प्रगति की समीक्षा भी की गई।



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री श्री वीरेंद्र सोलंकी ने बताया कि सत्र 2024-25 में देशभर में कुल 57,82,877 विद्यार्थियों ने अभाविप की सदस्यता ली है। विगत वर्ष की तुलना में लगभग 8 लाख अधिक विद्यार्थीयों ने अभाविप की सदस्यता ग्रहण की।

# पुरविया , राजपूत सेवा समिति के सर्वसम्मति से अध्यक्ष बने मनोहर पटेल



**बाड़ी।** रविवार को सीता स्वयंवर मैरिज गार्डन बाड़ी में पुर्विया राजपूत समाज सेवा समिति बाड़ी की आम सभा बैठक हुई। बैठक में महाराणा प्रताप जी की 428 वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनको नमन किया। समिति सचिव पोहप सिंह ठाकुर ने गत वर्ष का आय व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया तथा स्नेहभोज उपरांत द्वितीय सत्र में वर्तमान कार्यकारिणी भंग करने की घोषणा अध्यक्ष राजेश सिंह गर्दा ने की। इसके उपरांत अध्यक्ष का निर्वाचन सर्व सहमति से संपन्न हुआ। जिसमें मनोहर सिंह पटेल, पनारी जिला नर्मदापुरम को अध्यक्ष एवं राकेश सिंह ठाकुर बंटी भैया पलकाश्री व रामकुमार ठाकुर मोकलवाड़ा को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर नव नियुक्त अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने कहा कि हम सभी समाज के वरिष्ठजनों के साथ मिलकर आपसी सामंजस से समाज हित में कार्य करेंगे। समाज के युवाओं, बेटा-बेटियों को राष्ट्र हित के लिए कार्य कर सकें, इसके लिए हम सभी समाज में मुहिम चलायेंगे, समाज के सभी वरिष्ठजनों का आशीर्वाद लेते रहेंगे। समाज के सभी प्रबुद्धजनों पूर्व विधायक राजेश पटेल पूर्व विधायक देवेंद्र पटेल राजेश पटेल बरेली सहित समाज के सभी वरिष्ठ जनों ने शुभकामनाएं दी हैं। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी अरविंद सिंह ठाकुर जमुनिया के द्वारा किया गया।

# किसानों को अब इस काम के लिए सरकार देगी पैसे , मिलेगा स्टार्टअप का अवसर

नई दिल्ली। भारत सरकार किसानों की भलाई के लिए कई योजनाएं चला रही है ताकि उन्हें आर्थिक लाभ मिल सके। इन योजनाओं का लाभ देश के करोड़ों किसानों को मिल रहा है। 2019 में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का शुभारंभ किया गया था जिसके तहत किसानों को सालाना 6000 रुपए तक की सहायता दी जाती है। अब सरकार ने किसानों के लिए एक और नई योजना शुरू की है जिसका नाम एग्रीश्योर योजना है।

**क्या है एग्रीश्योर योजना**

एग्रीश्योर योजना एक एग्री टेक स्टार्टअप स्कीम है जिसके तहत किसानों को अपने कृषि संबंधी स्टार्टअप शुरू करने के लिए वित्तीय सहायता दी जाएगी। इस योजना का शुभारंभ कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पिछले साल किया था। इसके लिए सरकार ने अलग से बजट भी तय किया है।

**कितना मिलेगा फंड**

भारत सरकार के कृषि मंत्रालय और राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (ह्वक्च्रक्रष्ठ) ने मिलकर इस फंड की शुरुआत की है। यह फंड कुल 750 करोड़ रुपये का है जिसे युवाओं के बीच कृषि क्षेत्र में नए रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए उपयोग किया जाएगा। इस योजना के तहत स्टार्टअप्स शुरू करने के लिए 25 करोड़ रुपए तक का निवेश मिल सकता है।




**कैसे करें आवेदन**

अगर कोई किसान एग्रीश्योर योजना का लाभ उठाना चाहता है तो उसे राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (ह्वक्च्रक्रष्ठ) के निवेश प्रबंधक से संपर्क करना होगा। इसके अलावा किसान मेल भी कर सकते हैं।एग्रीश्योर योजना से किसानों को कृषि क्षेत्र में नई तकनीक और स्टार्टअप्स शुरू करने के लिए वित्तीय सहायता मिलेगी।

## रीवा के 4283 हितग्राहियों को मिले सम्पत्ति कार्ड

# प्रधानमंत्री ने स्वामित्व योजना के तहत सम्पत्ति कार्ड का किया वितरण



भोपाल । उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि देश व प्रदेश में विकास कार्यक्रमों के साथ ही हितग्राहीमूलक योजनाएँ प्राथमिकता से क्रियान्वित की जा रही हैं और पात्र लोगों को इनका लाभ दिलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश में जनकल्याणकारी योजनाएँ संचालित की जा रही हैं। प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में केन्द्र संचालित योजनाओं के साथ ही प्रदेश स्तर पर जनकल्याण के कार्य कराकर लोगों को इनसे लाभान्वित किया जा रहा है। स्वामित्व योजना से पट्टे मिलने से अब हितग्राही उस जमीन से मालिक बन गये और लोगों को पक्का कानूनी अभिलेख भी मिल गया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि स्वामित्व व भू-अधिकार गांव के विकास का आधार बन रहे हैं। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा तत्परतापूर्वक किये गये पट्टा बनाने व वितरण कार्य की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आगामी 31 जनवरी तक शेष रह गये हितग्राहियों को भी पट्टे मिल जायेंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देश के 50 हजार से अधिक ग्रामों के 65 लाख हितग्राहियों को स्वामित्व योजना के तहत सम्पत्ति कार्ड का वितरण किया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल स्वामित्व योजना के जिला स्तरीय कार्यक्रम नगर निगम टाउन हाल रीवा में शामिल हुए।

# बुंदेली महोत्स्व 14 दिवसीय कार्यक्रम का गणेश पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया शुभारंभ



दमोह ़ भगवान गणेश की वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ 14 दिवसीय बुंदेली महोत्सव का शुभारंभ आज प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक एवं धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्यमंत्री लखन पटेल, सांसद राहुल सिंह लोधी, पूर्व वित्तमंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया, दमोह जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रीति कमल ठाकुर एवं भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने भगवान गणेश का पूजन कर एवं दीप प्रज्जवल कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंचासीन अतिथियों का स्वागत आयोजन समिति की ओर से किया गया। आयोजन के संबंध में डॉ.सुधा मलैया ने कहा कि यह आयोजन का 12 वां वर्ष है इस बार मेला 14 दिन का होगा। उन्होंने सभी अतिथियों एवं मेला में आने वाले दर्शकों तथा दुकानदारों का आभार व्यक्त किया और स्वागत किया।

# उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने न्यायाधीश श्री जीपी सिंह की जीवनी का किया विमोचन




भोपाल। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने न्यायाधीश श्री जीपी सिंह के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला और कहा कि वे सिर्फ एक व्यक्ति ही नहीं, बल्कि एक संस्था थे। उनके कर्म, ज्ञान व चरित्र की त्रिवेणी से समाज को एक नई दिशा मिलेगी। उनके द्वारा दिये निर्णय न्याय क्षेत्र में आधार बन जाते हैं। उन्होंने विंध्य तथा मध्यप्रदेश का नाम ऊंचा कर लोकतंत्र को सही राह दिखाने का वरदान दिया। समाज में दिशाहीनता को समाप्?त करने के लिए ऐसे आदर्शों व चरित्रों पर लिखी जीवनी को जन-जन तक पहुंचाने की जरूरत है, ताकि आने वाली पीढ़ियां ऐसे महान चरित्र को पहचान सके और बुराईयों को दूर करने में अपना योगदान दे सके। न्यायाशीध श्री जीपी सिंह समाज के ऐसे धरोहर व विभूति है जिससे समाज प्रेरणा लेता रहेगा। इस अवसर पर मंचस्थ न्यायाधीशों ने भी न्यायाधीश श्री जीपी सिंह के जीवन से जुड़े उल्लेखनीय कार्यों का जिक्र किया। उप मुख्यमंत्री श्री ?शुक्ल ने विंध्?य भवन कटंगा जबलपुर में न्यायाधीश श्री जीपी सिंह की जीवनी का विमोचन किया।

उल्लेखनीय है कि उक्त जीवनी वरिष्ठ अधिवक्ता श्री वीएस श्रोती ने लिखा है। इस अवसर पर जसटिस श्री आरएस झा, जस्टिस श्री पीपी नावलेकर, जस्टिस श्री वीके शुक्ला, महाधिवक्ता श्री प्रशांत सिंह, पूर्व महाधिवक्ता श्री आरएन सिंह सहित विधि जगत के ख्यातिलब्ध न्यायाधीश मौजूद थे। विमोचन समारोह में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, सांसद श्री आशीष दुबे सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजदू थे।

# प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं और उच्च स्तर की शिक्षा विकास का मूल लक्ष्य -उप मुख्यमंत्री शुक्ल

## सीधी हॉस्पिटल में 96 स्लाइस सीमेन्स सीटी स्कैन का किया शुभारंभ

भोपाल । उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं तथा उच्च स्तर की शिक्षा उपलब्ध कराना ही विकास का मूल लक्ष्य है। आयुष्मान भारत योजना देश के नागरिकों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। आज देश के 55 करोड़ से अधिक नागरिकों को इस योजना के माध्यम से शासकीय एवं निजी चिकित्सालयों में 5 लाख रूपये तक की निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हो रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने इस योजना का विस्तार करते हुए देश के 70 वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक नागरिक को सम्मिलित किया है। अब देश के 6.5 करोड़ 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के इलाज की पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी। आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से प्रधानमंत्री जी ने देश के गरीब से गरीब व्यक्ति की पहुंच उत्कृष्ट निजी चिकित्सालयों तक सहज कर दी है। इससे निजी क्षेत्र के चिकित्सालयों को भी लाभ प्राप्त हो रहा है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने सीधी हास्पिटल में 96 स्लाइस सीमेन्स सीटी स्कैन एवं नेचुरापैथी का शुभारंभ किया। उन्होने स्वास्थ्य के क्षेत्र में सीधी हास्पिटल द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।



उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रयासों से प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं में लगातार विस्तार हो रहा है। आने वाले समय में प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग में 35 हजार नए पदों की भर्ती होगी जिसमें 3 हजार चिकित्सक एवं 3 हजार पैरामेडिकल स्टाफ सम्मिलित हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला चिकित्सालयों के साथ-साथ विकासखण्ड स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार होगा। विकासखण्ड स्तर पर सर्वसुविधा युक्त डॉक्टर कालोनी बनाई जावेगी जिसका लाभ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ चिकित्सकों को मिलेगा। विकासखंड स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार से जिला चिकित्सालय में दबाव कम होगा और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा।

# भाजपा अध्यक्ष पवार के कांग्रेस को समाप्त कर देने वाले ब्यान पर ओबीसी कांग्रेस अध्यक्ष धोटे का पलटवार

## नवनिर्वाचित अध्यक्ष की ब्यान बाजी कांग्रेस समर्थको को खुली चुनौती ओबीसी कांग्रेस

**सांध्य प्रकाश योगेश गुप्ता .बैतूल।** जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में जनप्रतिनिधियों पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार ने कहा कि मैं भाजपा का कार्यकर्ता हूँ और कार्यकर्ता ही रहूंगा। और हम सब मिलकर कांग्रेस को समाप्त कर देंगे । भाजपा अध्यक्ष के इस बयान बाजी से कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पार्टि समर्थक जनता के बीच चर्चा आम होने लगी। बल्कि सोशल मीडिया पर कार्यकर्ता एक सुर में विरोध कर रहे है । तो वहिं पिछड़ा वर्ग कांग्रेस जिला अध्यक्ष नारायण राव धोटे ने अपनी तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा भाजपा अध्यक्ष ने यह बयान उन कांग्रेस कार्यकर्ताओं को उकसाने के लिए दिया है। जो चुनाव के दौरान भाजपा में शामिल हुए थे। विचार करे तो मध्य प्रदेश मे जनता ने कांग्रेस की सरकार चुनी थी। और सिंधिया




उन कांग्रेस विद्यायको को लेकर भाजपा में शामिल हुए थे। जिन्हें जनता ने कांग्रेस को वोट करके विधायक चुना था। कहा की नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री पवार ने अति उत्साहित होकर कांग्रेस को समाप्त करने वाली इस प्रकार की ब्यान बाजी की है। इस लोक सभा चुनाव के परिणाम में देश की जनता का रुझान समझ आ जाना चाहिए था। कांग्रेस पार्टी या उसके वजूद को समाप्त करने का ब्यान हास्यास्पद है। तो दुसरी और कांग्रेस समर्थक आम जनता के आत्मविश्वाश को चुनौती देना है। बल्कि उनकी भावना को आघात पंहुचाने वाली बात है। उन्होंने कहा कि भाजपा अध्यक्ष श्री पवार को पहले भाजपा मे शामिल कुछ कार्यकर्ताओ की आपराधिक मानसिकता को समाप्त करने की बात कहना चाहिए था।उन्होंने कहा विधान सभा आमला के सारणी क्षेत्र में पिछड़ा वर्ग समाज के भाजपा समर्थक नेता और पदाधिकारी रविंद्र देशमुख का आत्महत्या कांड एक बढा उधाहरण है। जिसने पुरे मध्य प्रदेश में भाजपा की प्रतिष्ठा को पूरी तरह समाप्त कर दिया है । श्री धोटे ने कहा कि तिरंगा और कांग्रेस पार्टी भारत की पहचान है। और किसी भी राजनैतिक पार्टी या वजूद को समाप्त करने का ब्यान देना अनुभव हीनता को दर्शाता है । श्री पवार को अपने शब्द वापस लेना चाहिए।

# मुख्य मंत्री से फिल्म सत्याग्रह को टेक्स फ्री करने की मांग

**सांध्य प्रकाश बैतूल।** फिल्म 'जंगल सत्याग्रह' का निर्माण किया है। यह फिल्म मध्यप्रदेश के आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों सरदार गंजन सिंह कोरकू, सरदार विष्णु गोंड, ठाकुर मोहकम सिंह, रामजी कोरकू और जुगरू गोंड के साहस और बलिदान की गाथा पर आधारित है। फिल्म की कहानी, स्क्रिप्ट, संवाद, गाने, संगीत, निर्देशन, निर्माण और मुख्य भूमिकाएं निभाने वाले सभी कलाकार आदिवासी समाज के हैं। सभी कलाकार हरदा बैतुल निवासी है । फिल्म की शूटिंग घोड़ाडोंगरी मुलताई जुन्नारदेव ग्रामीण इलाकों सतपुड़ा रेंज के घने जंगलों पहाड़ों और नदियों किनारे की गई है। जिसमे स्थानीय अपनी भूमिकाएं निभाईं। फिल्म का प्रीमियर मध्यप्रदेश विधानसभा के मानसरोवर भोपाल सभागार में आयोजित किया गया। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने मुख्यमंत्री मोहन यादव से फिल्म सत्याग्रह को टेक्सफ्री करने की मांग की है। फिल्म को सेंसर बोर्ड से पास कराने में हरसंभव मदद दी जाए। फिल्म निर्माण में डॉ. प्रदीप उइके द्वारा खर्च को अनुदान के रूप में स्वीकृत किया जाए आदिवासी महानायक टंट्या मामा पर भी एक फिल्म बनाई जाए। जिसमे 'जंगल सत्याग्रह' के निर्देशक का सहयोग लिया जाए। 'जंगल सत्याग्रह' की ऐतिहासिक घटना को स्कूल पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए। ताकि आने वाली पीढ़ी आदिवादियो के संघर्ष समझ सके।



# बैन से पहले ही अमेरिका में ने खुद को किया ऑफलाइन, 13 करोड़ यूज़र्स प्रभावित



न्यूयार्क/नई दिल्ली। अमेरिका में ञ्चद्बद्मञ्जशद्म बैन होने के कुछ घंटे पहले ही कंपनी ने अपनी सर्विस को बंद कर दिया है। टिकटॉक ने ये कदम अमेरिका में इस पर प्रतिबंध लगाने वाले नए कानून के लागू होने से कुछ घंटे पहले ही लिया है। अमेरिका के 13 करोड़ यूजर्स इससे प्रभावित हुए हैं। ञ्चद्बद्मञ्जशद्म ऐप का इस्तेमाल करने वालों के पास एक मैसेज आया है, जिसमें कहा गया है कि टिकटॉक पर प्रतिबंध लगाने वाला कानून बनाया गया है, जिसका मतलब है कि अब आप अभी टिकटॉक का उपयोग नहीं कर सकते। ञ्चद्बद्मञ्जशद्म- इस मैसेज में लिखा है कि हम भाग्यशाली हैं कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने संकेत दिया है कि वे पदभार ग्रहण करने के बाद टिकटॉक को फिर से स्थापित करने के लिए हमारे साथ मिलकर काम करेंगे। इससे पहले नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा था कि सोमवार को पदभार ग्रहण करने के बाद वह जहां तक टिकटॉक को प्रतिबंध से 90 दिनों की राहत देंगे। ऐप के यूजर्स ने बताया कि ऐप को एप्पल और गूगल के ऐप स्टोर से भी हटा दिया गया था और वीडियो नहीं दिखा रहा था।

# पुल पर बसा यह अनोखा गांव देख दुनिया हैरान, देखकर आप भी रह जाएंगे चकित...



चीन। दुनिया में ऐसे कई लोग हैं जिन्हें अपने घर को अलग अंदाज में बनाना पसंद है, लेकिन क्या आपने कभी सुना है कि एक पूरा गांव नदी के ऊपर बने पुल पर बसा हुआ हो? यह सचमुच एक अनोखी और चौंकाने वाली बात है, और अब इस गांव का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यह वीडियो चीन के चॉन्गकिंग शहर का है, जहां लिजियांग नदी पर बने 400 मीटर लंबे पुल पर एक पूरा गांव बसा हुआ है। इस पुल का इस्तेमाल आमतौर पर गाड़ियों की आवाजाही के लिए होता है, लेकिन यहां के लोग इस पुल को अपना घर बना चुके हैं। यह गांव खासतौर पर चीन और पश्चिमी वास्तुकला के मिश्रण से बना है, और यहां बने घर दोनों तरफ से खुले हुए हैं, जिससे एक खूबसूरत दृश्य दिखाई देता है। इस गांव में मूर्तियों का भी संग्रह किया गया है, जो इसे और भी खास बनाता है।

इस अजीबो-गरीब गांव का वीडियो सोशल मीडिया पर बहुत तेजी से वायरल हो रहा है। अब तक इसे लगभग 3 लाख से अधिक लोग देख चुके हैं, जबकि हजारों लोगों ने इसे पसंद किया है। इस वीडियो पर यूजर्स ने कई तरह के कमेंट किए हैं। कुछ यूजर्स ने मजाक करते हुए पूछा कि अगर यहां कोई शराब पी ले तो क्या होगा? तो वहीं कुछ ने कहा कि इस गांव का नज़ारा एक तरफ तो शानदार है, लेकिन दूसरी तरफ यह थोड़ा डरावना भी हो सकता है।

# वायरल वीडियो: इस्कॉन संतों के साथ इस अंदाज में दिखे पीएम मोदी, सोशल मीडिया में वायरल हो रहा ये वीडियो



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो दिन पहले नवी मुंबई में इस्कॉन मंदिर का उद्घाटन किया। पीएम ने कहा, हमारे सभी धार्मिक ग्रंथों और शास्त्रों के मूल में सेवा भावना ही है। मुझे संतोष है कि हमारी सरकार भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो दिन पहले नवी मुंबई में इस्कॉन मंदिर का उद्घाटन किया। पीएम ने कहा, हमारे सभी धार्मिक ग्रंथों और शास्त्रों के मूल में सेवा भावना ही है। मुझे संतोष है कि हमारी सरकार भी इसी सेवा भावना के साथ लगातार देशवासियों के हित में काम कर रही है। पीएम ने सेवा भाव से सभी को साथ जोड़ने की अपील की। जिसके बाद सोशल मीडिया पर पीएम मोदी का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है जब पीएम हरे कृष्णा हरे रामा के संकीर्तन के दौरान इस्कॉन संत से मंजीरा अपने हाथ लेकर पूरे मनोयोग से उसे बजाते हुए दिखे।

# रीवा के ऑटो चालक की बेटी आयशा अंसारी एमपीपीएससी क्रेक करके डिप्टी कलेक्टर बनी



रीवा। यहां के एक ऑटो चालक की बेटी आयशा अंसारी डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयनित हुई। आयशा ने प्रदेश में 12वीं रैंक हासिल की। मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) ने राज्य सेवा परीक्षा का रिजल्ट घोषित कर दिया। उन्होंने सेल्फ स्टडी से यह सफलता तीसरे प्रयास में हासिल की। डिप्टी कलेक्टर के पद पर सिलेक्ट हुई आयशा ने प्रारंभिक शिक्षा रीवा के एक निजी स्कूल से की। इसके बाद 12वीं तक की शिक्षा शासकीय प्रवीण कन्या स्कूल से की और कॉलेज की पढ़ाई शासकीय आदर्श महाविद्यालय में हुई। आयशा के पिता पेशे से एक ऑटो ड्राइवर हैं. वो पिछले कुछ समय से अस्वस्थ होने के कारण घर पर ही रहते हैं।

आयशा ने इस सफलता का श्रेय अपने माता, पिता और दोस्तों को दिया। पिता की इच्छा पूरी करने वह डिप्टी कलेक्टर बनी। परीक्षा परिणाम आने के बाद आयशा की इस सफलता पर उन्हें बधाई देने के लिए उनके घर पर उनके रिश्तेदारों और दोस्तों की भीड़ लग गई। आयशा एक मध्यम वर्ग के परिवार से ताल्लुक रखती है। खास बात यह है कि उन्होंने सेल्फ स्टडी की और ये सफलता हासिल की है।बताते हैं कि आयशा के पिता सुबह टहलने के लिए पुलिस लाइन कॉलोनी होकर जाते थे। उस एरिया में सभी अधिकारियों के बंगले हैं। उनकी नेम प्लेट पर कलेक्टर डिप्टी कलेक्टर और उनके पद लिखे रहते हैं। पिता जब घर लौटकर आते तो अकसर कहते कि काश हमारे घर में भी कोई ऐसा हो। उसी वक्त आयशा ने अपने पिता के सपने को पूरा करने का संकल्प लिया और उसे पूरा किया। इसके साथ ही रीवा के त्योंथर जनपद पंचायत इलाके के रक्सहा कला गांव की 2 सगी बहनों ने एमपीपीएससी 2022 परीक्षा में परचम लहराया। दोनों बहनों आरती सिंह परिहार का सहायक संचालक स्कूल शिक्षा विभाग और पूजा सिंह परिहार का वाणिज्य कर निरीक्षक के पद पर चयन हुआ है।

# किसी बात को कला के माध्यम से कहना असली रचनात्मकता

## डीपीएस की कला प्रदर्शनी में आशीष अग्रवाल





विभिन्न विषयों को कला के माध्यम से व्यक्त कर पाना सच्ची रचनात्मकता है, जिसे यहाँ के बच्चे बखूबी निभा रहे हैं। यह बात नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी के निदेशक आशीष अग्रवाल ने कही। वे दिल्ली पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों की वार्षिक कला प्रदर्शनी ÷कृतित्व÷ के उद्घाटन पर विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की नई शिक्षा नीति भी कला के विभिन्न माध्यमों को आपस में जोड़ने और उन्हें पाठ्यक्रम में शामिल करने की मंशा रखती है। आशीष अग्रवाल ने कहा कि इस तरह की पहल विद्यार्थियों में डिज़ाइन के प्रति दृष्टिकोण और सोच विकसित करती है, जो भविष्य में बहुत लाभकारी होती है। उन्होंने विद्यार्थियों से अलग-अलग समूहों में बात की और उनकी कला को देखा, जाना। साथ ही उन्होंने बच्चों की डिज़ाइन के प्रति रुझान पर प्रसन्नता व्यक्त की। दिल्ली पब्लिक स्कूल की इस वार्षिक कला प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक धरोहर, प्राकृतिक सौंदर्य, डिज़ाइन थिंकिंग, हस्तकला, शिल्प कला आदि कौशल को विभिन्न माध्यमों और तकनीकों के माध्यम से प्रस्तुत किया। प्रदर्शनी को अतिथियों और अभिभावकों ने खूब सराहा। इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्या विनीता मलिक ने बताया कि यहाँ विद्यार्थियों के कलात्मक कौशल को निखारने के लिए विभिन्न गतिविधियाँ संचालित की जाती हैं। कला विभाग की अध्यक्ष डॉ. शुचिता राउत ने इन गतिविधियों की जानकारी दी और आर्ट रूम का भ्रमण भी कराया।

# स्ट्रेस मैनेजमेंट को नियंत्रित करने के प्रभावी उपाय पर, मनोवैज्ञानिक- डॉ.विनय मिश्रा का व्याख्यान






**भोपाल।** रियल एस्टेट व्यापार में कड़ी प्रतिस्पर्धा और बेहतर से बेहतर सेवाएं देने की वचनबद्धता के कारण रियल एस्टेट एजेंट्स,प्रॉपर्टी ब्रोकरों पर कार्य का दबाव होता है,रियल स्टेट में व्यापार करने वालों के लिए एक बेहतर स्ट्रेस मैनेजमेंट कैसे कर सके?? इस विषय में एजुकेशन सीरीज-5 के तहत मध्यभारत के प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक- डॉ. विनय मिश्रा द्वारा ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया.उल्लेखनीय है कि एसोसिएशन ऑफ भोपाल रियल्टर्स,भोपाल शहर के रियल एस्टेट एजेंट्स/ब्रोकर्स का एकमात्र संगठित संगठन है ,जोकी सदस्यों को प्रोफेशनलिजम कार्य,ग्राहकों को बेहतर सेवाएं देने, पारदर्शिता एवं अन्य रियल स्टेट से संबंधित ज्ञानवर्धक जानकारी के लिए मदद करता है.

चेयरमैन-(एजुकेशन एवं जनसंपर्क)-राकेश अग्रवाल ने बताया कि संगठन द्वारा प्रत्येक महीने,एसोसिएशन सदस्यों एवं अन्य रियल स्टेट ब्रोकर्स के लिए विभिन्न ज्ञानवर्धक सेमिनार/एजुकेशन सीरीज का आयोजन करती है, इसी श्रृंखला में प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक -डॉ. विनय मिश्रा के द्वारा स्ट्रेस मैनेजमेंट के बारे में जानकारी तथा उसे उभरने के विभिन्न उपाय एवं टिप्स दिए.इस अवसर पर अध्यक्ष- अरुण गुप्ता द्वारा संगठन के अन्य बड़े स्तर पर होने वाले कार्यक्रम की सूचना तथा रूपरेखा की जानकारी दी गई, प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर एवं सामाजिक सरोकार प्रमुख- प्रवीण रावल द्वारा सामाजिक सेवा की जानकारी दी,कोषाध्यक्ष - पंकज जोशी ने मार्च में नई दिल्ली में होने वाले राष्ट्रीय कन्वेंशन में रजिस्ट्रेशन हेतु सदस्यों से आग्रह किया। संगठन सचिव-अभय जैन ने सदस्यों से अधिक से अधिक भागीदारी का अनुरोध किया इस अवसर पर संगठन के नईम खान, समीर मनोचा,नितिन शर्मा, अनिल नेमा,विनोद सिटोके, सौरभ श्रीवास्तव,सत्येंद्र शर्मा,चेरियन थॉमस,सुगंध गुप्ता,अमित पिल्लई,श्रीमती रूपल जैन,आशीष सिंह, संजय दत्ता,लव राजपाल,नीरज गुप्ता,पुष्पावासु तिवारी, सचिन प्रजापति एवं अन्य सदस्य ,रियल एस्टेट के स्टेकहोल्डर उपस्थित थे

# उप मुख्यमंत्री शुक्ल के मुख्य आतिथ्य में विजन जबलपुर के नवमें स्थापना दिवस का कार्यक्रम संपन्न

## 101 सदस्यों ने दी मेडिकल कॉलेज में अध्ययन के लिए देह दान की स्वीकृति



भोपाल। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल के मुख्य आतिथ्य में आज शहीद स्मारक में विजन जबलपुर के नवमें स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि विजन जबलपुर जरूरतमंदों के मदद करने के लिए समर्पित है। संस्था के वरिष्ठजन समाज की मदद करने में आगे आकर अपना योगदान दे रहे हैं। आज 101 लोगों ने मेडिकल कॉलेज में अध्ययन के लिए अपने देह दान की स्वीकृति पत्र प्रदान किया, यह सराहनीय है। उन्होंने इंडियन कॉफी हाउस द्वारा एक हजार यूनिट ब्लड डोनेशन का कैम्प कर जरूरतमंदो को रक्त उपलब्ध कराने के कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि हमारी सौभाग्यशाली परम्परा है कि समाज में अच्छे काम हो रहे हैं और होते भी रहेंगे। अच्छे काम करने वालों को उन्होंने सम्मानित कर कहा कि समाज में जागरूकता लाने के लिए सकारात्मक माहौल बनाने की आवश्यकता है। बेटा-बेटियों में भेद नहीं होना चाहिए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने बेटियों के महत्व को भी रेखांकित किया।

# छत्तीसगढ़ के इन 2 आईएएस को मिलेगा प्रधानमंत्री अवार्ड, उत्कृष्ट प्रशासनिक कार्यों के लिए हुआ चयन



रायपुर= छत्तीसगढ़ के दो द्बस् अधिकारीयों को प्रधानमंत्री अवार्ड के लिए चुना गया है। उनकी कार्यक्षमता और उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें 21 अप्रैल को सिविल सर्विस डे के मौके पर पीएम अवार्ड से नवाजा जाएगा। तो आइए जाने कौन है वो तीन आईएएस जिन्हें मिलने वाला है पुरस्कार।

हरीश एस छत्तीसगढ़ कैडर के 2015 बैच के आईएएस अधिकारी हैं और वर्तमान में सुकमा जिले के कलेक्टर के रूप में कार्यरत हैं। उनका जन्म 6 नवंबर 1987 को तमिलनाडु के मदुरई जिले में हुआ था। हरीश ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा मदुरई के टीवीएस स्कूल से की और इसके बाद चेन्नई से बीटेक की डिग्री प्राप्त की। कुछ समय तक सॉफ्टवेयर कंपनी और बैंक में काम करने के बाद उन्होंने यूपीएससी की तैयारी की और पांचवें प्रयास में आईएएस में सफलता प्राप्त की। हरीश को सुकमा जिले में सर्वांगीण विकास के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उनकी कड़ी मेहनत और प्रशासनिक निर्णयों से सुकमा में कई महत्वपूर्ण विकास कार्य हुए हैं।

नम्रता गांधी छत्तीसगढ़ कैडर की 2013 बैच की आईएएस अधिकारी हैं और वर्तमान में धमतरी जिले की कलेक्टर हैं। उनका जन्म 1 फरवरी 1989 को मुंबई में हुआ था। नम्रता गांधी ने राजनीति विज्ञान में ऑनर्स किया और यूपीएससी परीक्षा में अपने दूसरे प्रयास में 42वीं रैंक हासिल की। नम्रता ने अपनी कड़ी मेहनत और व्यावसायिक दृष्टिकोण से कई जिलों में महत्वपूर्ण प्रशासनिक पदों पर कार्य किया। उन्हें जल संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार से नवाजा गया है। उनकी दूरदर्शिता और प्रयासों के कारण धमतरी जिले में पेयजल समस्या का समाधान हुआ। ये तीनों अधिकारी छत्तीसगढ़ के प्रशासन में अपनी-अपनी भूमिकाओं में उत्कृष्ट कार्य करके प्रेरणा स्रोत बने हैं।

# भोपाल में रानी कमलापति व्यापार मेले में हुआ ग्लैमर और फैशन का संगम






भोपाल के रानी कमलापति व्यापार मेले में हाल ही में एक भव्य आयोजन देखने को मिला, जब The Pageant India कंपनी ने मेले के साथ सहयोग किया। इस मौके पर मिस्टर, मिस और मिसेज मध्य प्रदेश एवं मिस और मिसेज सेंट्रल इंडिया के प्रतियोगियों और क्वीन ने रैंप पर जलवा बिखेरा।

The Pageant India की संस्थापक फरहा अनवर को इस आयोजन में सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में आमंत्रित किया गया। हरिओम जाटिया ने उन्हें मंच पर स्वागत किया और उनका सम्मान किया।

इस रैंप वॉक में भाग लेने वाली सुंदर महिलाएं सिर्फ मॉडल नहीं हैं, बल्कि ब्यूटी क्वीन हैं। ये सभी प्रतिभाशाली क्वीन The Pageant India कंपनी से जुड़ी हुई हैं, जो मिस्टर, मिस और मिसेज मध्य प्रदेश एवं मिस और मिसेज सेंट्रल इंडिया पेजेंट का आयोजन करती है।

फरहा अनवर फैशन की दुनिया में एक दूरदर्शी शख्सियत हैं। उनका सपना है कि भोपाल को भारत की फैशन राजधानी बनाया जाए। उन्होंने भोपाल की प्रतिभाओं को वैश्विक मंच देने का संकल्प लिया है। The Pageant India के माध्यम से भोपाल की इन ब्यूटी क्वीन ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। रानी कमलापति व्यापार मेले में इन प्रतिभाशाली मॉडलों और क्वीन का रैंप वॉक मेले के मुख्य आकर्षणों में से एक रहा। इस आयोजन ने न केवल भोपाल की प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया, बल्कि शहर की फैशन इंडस्ट्री को भी बढ़ावा दिया।

# विंध्य सांस्कृतिक मंच द्वारा आयोजित किया गया स्वास्थ्य सह जन समस्या समाधान शिविर

भोपाल,। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि विंध्य क्षेत्र ने सेना, राजनीति व न्याय आदि क्षेत्रों में ख्यातिलब्ध शख्सियत देकर विंध्य का गौरव बढ़ाया है। चित्रकूट में भगवान राम ने वनवास के दौरान प्रवास किया था, इसके साथ ही विंध्य क्षेत्र सांस्कृतिक दृष्टि से विशिष्ट स्थान रखता है, वहीं यह क्षेत्र विकास में तेजी से आगे बढ़ रहा है। सिंचाई के लिए नहरों का जाल बिछाया जा रहा है और सकारात्मक तथा रचनात्मक कार्य से विंध्य का नाम ऊंचा हो रहा है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल के मुख्य आतिथ्य में आज जबलपुर के बारहा स्थित रॉयल हेरीटेज पब्लिक स्कूल प्रांगण में श्री विंध्य सांस्कृतिक मंच द्वारा विशाल स्वास्थ्य सह जन समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, सांसद श्री आशीष दुबे, महापौर श्री जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक श्री सुशील तिवारी इंदु, श्री अशोक रोहाणी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रशासकीय और अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि विंध्य क्षेत्र के स्किल का लाभ उठायें। उन्होंने कहा कि सांसद व विधायक निधि से सांसद और विधायक गरीब बच्चों को बढ़ाने का बीड़ा उठायें। क्योंकि भारतीय संस्कृति में अन्नदान, शिक्षादान और कन्यादान का विशेष महत्व है। इसलिये समाज की उन्नति की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि सभी को समाज की चिंता करनी चाहिए। जबलपुर व प्रदेश के विकास में जनप्रतिनिधियों की भूमिका सराहनीय हो, यहां की संभावनाओं को तलाशे और पूरे क्षेत्र को इको टूरिज्म बनायें। उन्होंने कहा कि मां नर्मदा की स्वच्छता के लिए हर संभव प्रयास करें, इसके लिये वे आवश्यक धनराशि भी सुनिश्चित कराई जायेगी। कार्यक्रम में निःशक्त जनों को ट्राइसाईकल का वितरण किया गया। साथ ही स्वास्थ्य शिविरों के साथ-साथ मिलिट्री द्वारा रखे गये हथियारों का प्रदर्शन को देखा गया। कार्यक्रम में मिलिट्री बैंड व बघेली गीत की धुन ने सभी को भावविभोर कर दिया।

## वन संचार कार्यक्रम में शामिल हुए पूर्व विधायक पं. रमेश दुबे



**छिंदवाड़ा।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश पोफली द्वारा ग्राम लिंगा स्थित कालीरात मंदिर प्राकृतिक स्थल में आयोजित वन संचार कार्यक्रम में भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष विधायक पं रमेश दुबे जी शामिल हुए । पूर्व विधायक श्री दुबे ने जिलाध्यक्ष शेषराव यादव , पूर्व विधायक नत्थन शाह कवरेती, पूर्व विधायक ताराचंद बाबरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रियवर सिंह ठाकुर, पूर्व जिला महामंत्री उत्तम ठाकुर वरिष्ठ नेत्री प्रीति बिसेन, शिव मालवीय, भाजपा नेता अनिल राय समेत उपस्थित लोगों के साथ स्नेह भोज का आनंद लिया । इस दौरान दीपक दुबे, मंगलेश दुबे, अनिल कुर्मी, घनश्याम पवार, रोहित पोफली, जागेंद्र अलड़क, योगेश सदारंग, दिवाकर सदारंग, दारा जुनेजा,जगदीश पाल, अंकित जैन, अखिल जैन, सबनम खान, भारती साहू,विश्वेंद्र वैश, नवीन बारस्कर, नितिन मरकाम, वेदांत पोफली समेत अन्य लोग मौजूद रहे ।

## सांसद खेल महाकुंभ प्रतियोगिता का 26 को पुरस्कार वितरण समापन समारोह

**छिंदवाड़ा।** विगत 7 दिनों से विभिन्न खेल मैदानो में चल रहे सांसद खेल महाकुंभ प्रतियोगिता अंतिम चरणों में है संयोजक नितिन खंडेलवाल एवं जिला संयोजक भारतीय जनता पार्टी खेल प्रकोष्ठ अंकित सोलंकी ने बताया कि आयोजन समिति द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार पुरस्कार वितरण, सम्मान एवं समापन समारोह 26 जनवरी को स्टेडियम मैदान में दोपहर 1ः00 से आयोजित होगा जिसमें विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में विजेता, उपविजेता खिलाड़ियों को मेडल, ट्रॉफी, प्रमाण पत्र के साथ सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर सांसद विवेक बंटी साहू व अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी गण विशेष रूप से उपस्थित होंगे। प्रतियोगिता के संचालन में विशेष सहयोग प्रदान करने वाले प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग प्रदान करने वाले सदस्य व निर्णायको को भी इस अवसर पर सम्मानित किया जाएगा। स्टेडियम ओलंपिक मैदान में आज योगासन प्रतियोगिता संपन्न हुई वहीं देर शाम तक फुटबॉल के तीसरे और चौथे स्थान के लिए मैच खेले जाते रहे पुलिस मैदान में हॉकी का फाइनल भी देर शाम तक खेला जाता रहा। खेल महाकुंभ प्रतियोगिता के सफल संचालन में श्रेय जैन, राजेश मालवीय ,राकेश चौरसिया ,योगेश्वर चौरिया ,आनंद गिरिपुंजे, विधानसभा खेल प्रभारी सौरभ पोहकर,सहित सभी प्रशिक्षक अहम भूमिका निभा रहे हैं

## मध्य प्रदेश संत पुजारी संघ अपना स्थापना दिवस 21 जनवरी को

**छिंदवाड़ा।** मध्य प्रदेश संत पुजारी संघ का स्थापना दिवस समारोह विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं का होगा सम्मान भोपाल मध्य प्रदेश संत पुजारी संघ अपना स्थापना दिवस 21 जनवरी को मंगलवार प्रातः 11 बजे हिंदी भवन में संस्कारों पर दिवस के रूप में मनाने जा रहा है इस आयोजन के दौरान संघ मानव जीवन संस्कार शनिवार तक संस्कार की अनिवार्यता पर विशेष चर्चा आयोजन करेंगे जिसमें वैदिक मानसी अपने विचार प्रस्तुत करेंगे कार्यक्रम के दौरान 16 संस्कारों पर चर्चा की जाएगी इसमें हर क्षेत्र के सम्मानित व्यक्ति का भी सम्मान किया जाएगा प्रदेश अध्यक्ष पंडित नरेंद्र दीक्षित जिला अध्यक्ष पंडित सुनील तिवारी प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद तिवारी महाकौशल प्रभारी मनीष तिवारी जिला प्रभारी राजेश द्विवेदी सभी लोग भोपाल चलें।

## कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग में हुई नियुक्तियां

पांढुर्ना जिला महिला अध्यक्ष मनोनीत

**पांढुर्ना।** मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ जी एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के निर्देशानुसार पांढुर्ना जिला महिला कांग्रेस एवं अनुसूचित जाति विभाग कांग्रेस में नवनियुक्तियां की गई है। समस्त नवनियुक्त पदाधिकारियों को तत्काल प्रभाव से जिम्मेदारी सौंपी गई है। पांढुर्ना जिला प्रभारी गंगाप्रसाद तिवारी, पांढुर्ना जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश झलके व विधायक निलेश उइके व सौंसर विधायक विजय चौरे से चर्चा के उपरांत जिला महिला कांग्रेस व कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग में संगठन से जुड़े पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग में हुई नियुक्तियां** कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग पांढुर्ना प्रभारी की जिम्मेदारी डॉ. राजेश सोमकुंवर को सौंपी है। अनुसूचित जाति विभाग पांढुर्ना अध्यक्ष विनोद गजभिए व कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग महिला अध्यक्ष पद पर मीना ढोक मनोनीत की गई है।

## नारी शक्ति द्वारा नगर में निकाली जा रही है प्रभात फेरी



ओबेदुल्लागंज (संवाददाता)- नगर में पांच दिनी प्रभात फेरी निकाली जा रही है सभी धर्म प्रेमी बंधुओ से अपील कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को 1 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में वार्ड 13 मे बाल विहार कन्याशाला स्टेशन रोड पर राम कथा 22 तारीख 2ः00 बजे से प्रारंभ हो रही है आप सभी भक्त गण धर्म लाभ लेवें 5 दिन की प्रभात फेरी हर साल की तरह इस साल भी प्रभात फेरी निकाली जा रही है स्टेशन रोड, मुख्य बाजार, राम मंदिर, सीताराम चौराहे होते हुए वापस स्टेशन रोड पर समापन होती है जिसमें आज राजकुमारी मित्तल, अनुराधा विजयवर्गी, श्याम सोनी, प्रियंका गुप्ता, मानसी मित्तल, पार्षद हेमलता चौरसिया, नमिता विद्या अग्रवाल, रानू मित्तल, रश्मि दीक्षित, किरण तिवारी, चंदा चावला, सरोज मित्तल माया राय, प्रभात फेरी मंडल भोजपुरी नारी शक्ति शामिल हुई मानसी मित्तल ने बताया की कलश यात्रा 22 जनवरी से श्री राम मंदिर से प्रारंभ होकर सीताराम चौराहे होते हुए बाल बिहार कन्या शाला वार्ड नंबर 13 मैं समापन होगी कथा 22 जनवरी को 2ः00 बजे से प्रारंभ होगी जिसमें सभी भक्तगण पहुंच कर धर्म लाभ लेवे

# पुलिस ने किया मोटरसाइकिल चोर गिरोह का खुलासा, 3 आरोपी गिरफ्तार



छिंदवाड़ा। थाना कुण्डीपुरा पुलिस ने वाहन चोरी के मामलों में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक अजय पांडे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह और नगर पुलिस अधीक्षक अजय राणा के निर्देशन में संपत्ति संबंधी अपराधों की रोकथाम और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इसी क्रम में 16 जनवरी 2025 को मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार आरोपी- 1. आरिफ खान (20 वर्ष), निवासी ग्राम खुटिया, थाना चांद 2. निसार मंसूरी (23 वर्ष), निवासी ग्राम बाका नागनपुर, थाना चौरई 3. फिरोज मंसूरी (24 वर्ष), निवासी ग्राम खुटिया, थाना चांद पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे बचपन के दोस्त हैं और मिलकर चोरी की योजना बनाते थे। वे कमजोर ताले या खुले खड़े दोपहिया वाहनों को चुराते थे और उनके इंजन व चेसिस नंबर बदलकर बेचने की योजना बनाते थे। चोरी किए गए वाहनों को फिरोज मंसूरी के खेत में स्थित पुराने मकान में छिपाया जाता था।

**बरामदगी-** आरोपियों के कब्जे से कुल 21 मोटरसाइकिल बरामद की गई हैं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 15 लाख रुपये है। इन वाहनों में स्प्लेंडर प्लस, HF डिलक्स, होंडा साइन, बजाज पल्सर, प्लेटिना, डिस्कवर, और अन्य मॉडल शामिल हैं।

**पंजीबद्ध मामले-** 1. थाना कुण्डीपुरा- अप. क्र. 862/24, 36/25, 39/25, 40/25 2. थाना

**टीम की सराहनीय भूमिका-** इस कार्रवाई में निरीक्षक मनोज बघेल, उपनिरीक्षक मनोज रघुवंशी, संतोष बघेल, मानसिंह बघेल, दिलीप सिंह राजपूत, प्र.आर. प्रदीप बघेल, शिवराम उइके, जीवन रघुवंशी, करण रघुवंशी, दीपेश श्रीवास्तव, अखिलेश पंद्रे और साइबर सेल के आदित्य रघुवंशी व नितिन सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। पुलिस अब अन्य बरामद वाहनों के मालिकों की पहचान और मामलों की जांच में जुटी है।

## प्राइवेट स्कूलों ने आरटीई मान्यता में आ रहीं समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन



**सौसर।** सौसर अशासकीय शाला संघ ने आरटीई मान्यता से संबंधित समस्याओं को लेकर विधायक विजय चौरे, पूर्व शिक्षा राज्यमंत्री नाना मोहोड, और जिला पांढुर्णा भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्राइवेट स्कूल संचालकों ने निम्न समस्याओं के समाधान की मांग की।

1. **स्कूल स्थान परिवर्तन शुल्क-** केवल पांढुर्णा जिले के स्कूलों पर 5000 रुपये अतिरिक्त शुल्क का भार समाप्त किया जाए।
2. **किरायानामा प्रावधान-** रजिस्ट्रीकृत किरायानामा की बाध्यता हटाकर नोटरीकृत किरायानामा को मान्य किया जाए।
3. **सुरक्षा निधि-** सुरक्षा निधि को पूरी तरह समाप्त किया जाए।
4. **आवेदन शुल्क-** स्कूलों से किसी भी प्रकार का आवेदन शुल्क नहीं लिया जाए।

अशासकीय शाला संघ ने इन सभी समस्याओं के शीघ्र निराकरण के लिए शासन से अपील की। ज्ञापन सौंपने के दौरान संघ के प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे-जयंत गुरु, चित्रसेन रबडे, नीलेश ठाकरे, अनिल ठाकरे, आशीष जैसवाल, विलास तायवाडे, शीला ददघाये, फारूक मंसूरी, हर्षल काले, नंदकिशोर बनाइत, अनंत फसाटे, स्वरूप पराडकर, प्राइवेट स्कूल संचालकों ने सरकार से इन मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई की उम्मीद जताई है।

## चीनी मांजा का उपयोग रोकना है तो पतंग उड़ाने वाले पर कार्यवाही हो

### चीनी मांजा प्लास्टिक के धागो का बना होता है



छिंदवाड़ा। पतंग उड़ाने वाले चीनी मांजा का धड़ल्ले से उपयोग कर रहे चीनी मांजा सबसे ज्यादा खराब है देखा जाये तो यह मांजा प्लास्टिक के धागे का बना होता है। वैसे सभी प्रकार के मांजे खतरनाक होते है, सरकार प्रतिबन्ध भी लगाती है किन्तु पतंग उड़ाने वाले मानते नहीं है, प्रतिबन्ध के बाद भी चीनी मांजा आ रहा है और दुकानदार उसे बेच रहे है। चीनी मांजे पर प्रतिबन्ध लगाने के लिए पुलिस ही संक्षम है। शरद उपाध्याय कहते है कि पुलिस क्या नहीं कर सकती, पुलिस मांजा बेचने वाले को नहीं पतंग उडाने वाले पर कार्यवाही करें तो इसे रोका जा सकता है हर वर्ष मकर संक्राति में मांजे से दुर्घटनाओं की खबरे आती है। अतः पुलिस पतंग उडाने वालो की चेकिंग करेगी तो निश्चित ही चीनी मांजे का उपयोग नहीं होगा।

## सदस्यता के लिए छानबीन समिति का भी हुआ गठन

रतलाम। रतलाम प्रेस क्लब का उत्कृष्ट पत्रकारिता पुरूस्कार इस बार नए और भव्य स्वरूप में होगा। रविवार को रतलाम प्रेस क्लब कार्यकारिणी की बैठक मुकेशपुरी गोस्वामी की अध्यक्षता मे हुई 7 जिसमें यह निर्णय लिया गया। सचिव यश शर्मा ने बताया उत्कृष्ट पत्रकारिता पुरूस्कार के लिए ऑनलाईन आवेदन एक फरवरी से शुरू से होंगे। इस वर्ष खेल एवं कृषि के लिए दो अतिरिक्त पुरूस्कार भी शुरू किए गए हैं। बैठक में पुरूस्कार समारोह के नए स्वरूप को तय करने के लिए गठित समिति के प्रतिवेदन का अनुमोदन किया गया। इसके अलावा इस वर्ष प्रेस क्लब की सदस्यता को अंतिम रूप देने के लिए छानबीन समिति का गठन भी किया गया। इसमें शरद जोशी, रमेश टांक, तुषार कोठारी, सुधीर जैन एवं जितेन्द्रसिंह सौलंकी को शामिल किया गया। अध्यक्ष एवं सचिव समिति की पदेन सदस्य रहेगें। बैठक में गणतंत्र दिवस के पारंपरिक भोज को लेकर भी चर्चा की गई। इसके लिए सचिव यश शर्मा को प्रभारी नियुक्त किया गया। बैठक में उपाध्यक्ष सुजीत उपाध्याय, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र केलवा, सहसचिव रमेश सोनी ,कार्यसमिति समिति सदस्य दिनेश दवे, राजेश पोरवाल, दिलजीत सिंह मान, नीरज बरमेचा, सिकंदर पटेल, विशेष आंमत्रित सदस्य पूर्व अध्यक्ष राजेश जैन ,नीरज शुक्ला आदि उपस्थित थे।

## सांसद ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने पर्यावरण एवं पशु प्रेमियों के साथ देखा मन की बात कार्यक्रम का 118 वां संस्करण



**छिन्दवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू ने रविवार को ग्राम नेर में बहादुर सिंह रघुवंशी के निवास स्थान पर बड़ी संख्या में मौजूद समर्थकों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात के 118वें कार्यक्रम में शामिल होकर मन की बात को सुना। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विभिन्न विषयों पर अपनी बात लोगों के समक्ष रखी। पूरे भारत वर्ष में अलग-अलग स्थानों पर विभिन्न सोशल माध्यमों से प्रधानमंत्री की मन की बात का कार्यक्रम सुना गया। जिसमें प्रधानमंत्री श्री मोदी ने महाकुंभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी, उन्होंने इस महाकुंभ को एकता का अनूठा संगम बताया। वही इसरो द्वारा किये जा रहे विकास कार्यो की जानकारी देते हुए स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किये जा रहे कार्यो पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसी के साथ ही स्टार्टअप इंडिया में युवाओं द्वारा किये जा रहे कार्यो की भी प्रशंसा करते हुए उन्हें उत्साहित करने की बात कही।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इसके अलावा अन्य कई मुद्दों पर भी बात रखी। इस अवसर पर महापौर विक्रम अहाके, संजय पटेल, रेखनसिंह चौधरी, ओम पटेल, घनष्याम पटेल, रूपसिंह पटेल, रामभरोस पटेल, अलकेष शाह, मुकेष रघुवंषी, मेर सिंह रघुवंषी, अमन सोनी, नितिन वर्मा, विमल उसरेठे, जितेन्द्र राय, बिट्टू मंडराह, जितेन्द्र चौधरी, जय पटेल, अमित रघुवंषी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### प्राणदायक पर्यावरण एवं मूक पशुओं की सेवा से जीवन की पूरी होती है सार्थकता : शेषराव यादव

भाजपा जिला कार्यालय में छिंदवाड़ा के प्रतिष्ठित पर्यावरण एवं पशु प्रेमियों ने जिलाध्यक्ष शेषराव यादव के साथ देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम- मन की बात का 118 वां संस्करण देखा। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्री शेषराव यादव द्वारा जिले के पर्यावरण एवं पशु प्रेमियों की निस्वार्थ सेवा और समर्पण की खुले मुख से प्रशंसा की गई। उन्होंने कहां कि अपने स्वार्थ के लिए तो सभी जीते हैं, लेकिन प्राणदायक पर्यावरण एवं मूक पशुओं की सेवा करने से जीवन सार्थकता सिद्ध होती है। श्री यादव ने कहा कि मन की बात एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, जिसमें हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी अपने विचार और अनुभव साझा करते हैं। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री देश के विभिन्न मुद्दों, समस्याओं और उपलब्धियों पर चर्चा करते हैं। उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रम का उद्देश्य देश के नागरिकों के साथ जुड़ना और उन्हें प्रेरित करना है। यह कार्यक्रम देश के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने और देश के नागरिकों को एकजुट करने में मदद करता है।



## मध्य प्रदेश ऑटोमोबाइल कर्मचारी कल्याण संगठन ने बांटे 101 निशुल्क हेलमेट



छिंदवाड़ा। वार्षिक सुरक्षा माह 2025 के अंतर्गत मध्य प्रदेश ऑटोमोबाइल कर्मचारी कल्याण संगठन द्वारा रविवार को 101 निशुल्क हेलमेट का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम जेल तिराहा, इंदिरा गांधी की प्रतिमा के पास आयोजित हुआ। हेलमेट वितरण का उद्देश्य दुपहिया वाहन चालकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना था।

इस मौके पर यातायात डीएसपी श्री चौबे, निरीक्षक राकेश तिवारी, उप निरीक्षक दिवाकर मिश्रा और सहायक निरीक्षक अशोक मर्शकोले विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। प्रदेश अध्यक्ष मनीष तिवारी ने इस पहल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, सड़क दुर्घटनाओं में सिर की चोट (हेड इंजरी) के कारण लोगों की जान चली जाती है। हमारी इस पहल का उद्देश्य जागरूकता फैलाना और दुर्घटनाओं में होने वाली जानहानि को रोकना है। संगठन मंत्री प्रमोद डेहरिया की प्रेरणा से हमने इस संकल्प को पूरा किया।

इस अवसर पर संगठन के अन्य प्रमुख पदाधिकारी भी उपस्थित रहेः वरुण राजपूत, प्रदेश सचिव, कलीम उल्ला खान, उपाध्यक्ष रामपात पवार, उपाध्यक्ष गणेश डोडानी, प्रदेश कोषाध्यक्ष गिरिराज पाल, सह कोषाध्यक्ष प्रमोद डेहरिया, प्रदेश संगठन मंत्री कृष्णकांत नंदनवार, जिला सह कोषाध्यक्ष कसिफ अंसारी, जिला युवा संगठन मंत्री इसके साथ ही, अंकित पहाड़े, विशाल मराठा, और आशीष तिवारी और अन्य युवा कार्यकर्ता भी इस आयोजन में सक्रिय रहे। यह पहल सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और कर्मचारियों को सुरक्षित यात्रा के लिए प्रेरित करने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

## सत्ता के लिए भाजपा ने किसानों से किया धोखा, किसानों के न्याय की लड़ाई लड़ रही है कांग्रेस

### बिछिया विधानसभा के ग्राम मांद में 22 को आयोजित होगा किसान न्याय आंदोलन



मंडला/अजीत पटेल--किसानों को धान का समर्थन मूल्य 3100 रूपए और गेंहू का समर्थन मूल्य 2700 रूपए देने की भाजपा की घोषणा,सरकार बनने के 13 महीने बाद भी पूरी नहीं हो पाई है।इसे लेकर प्रदेश के किसानों में भारी नाराजगी है।इस विषय को लेकर कांग्रेस पार्टी सड़क से लेकर सदन तक किसानों के न्याय की लड़ाई लड़ रही है।इसी क्रम में बिछिया विधानसभा के विधायक नारायण सिंह पट्टा के नेतृत्व में दिसंबर 2024 से किसान न्याय महाभियान प्रारम्भ किया गया है।जिसके प्रथम चरण में ब्लॉक कांग्रेस कमेटीयों ने अलग-अलग तिथियों में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपे और घोषित समर्थन मूल्य देने की माँग की है।इसके बाद दूसरे चरण में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धान खरीदी केंद्रों में किसानों को पम्पलेट देकर समर्थन मूल्य की लड़ाई लड़ने की जानकारी दी एवं गाँव-गांव पहुंचकर किसानों से किसान न्याय अधिकार पत्र भरवाये हैं।बिछिया विधानसभा में अब तक 25000 से अधिक किसान न्याय अधिकार भरे जा चुके हैं।कुल 30400 किसान न्याय अधिकार पत्र भरवाये जाने का लक्ष्य रखा गया है।इन सभी किसान अधिकार पत्रों को 22 जनवरी को आयोजित हो रहे किसान न्याय आंदोलन में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष को सौंपा जायेगा जिसे मुख्यमंत्री तक भेजा जायेगा।महाभियान के तीसरे चरण में बिछिया विधानसभा के अंजनियां के समीप ग्राम मांद में 22 जनवरी को किसान न्याय आंदोलन का आयोजन किया जा रहा है जिसमें जिले भर से लगभग 10 हजार किसान पहुंचने वाले हैं।इसी विषय को लेकर शुक्रवार को जिला मुख्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई जिसमें बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा,निवास विधायक चैन सिंह वरकड़े,जिला कांग्रेस प्रभारी श्रीमती किरण अहिरवार,जिला कांग्रेस अध्यक्ष एड. राकेश तिवारी,पूर्व विधायक डॉ.अशोक मर्सकोले सहित अन्य कांग्रेस नेता उपस्थित रहे। कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस नेताओं ने बताया कि भाजपा ने सत्ता के लिए किसानों से धोखा किया है,चुनाव के समय इन्होने घोषणा की थी कि धान का समर्थन मूल्य 3100 रूपए प्रति क्विंटल और गेंहू का समर्थन मूल्य 2700 रूपए प्रति क्विंटल दिया जायेगा,लेकिन आज 13 महीने बाद भी किसानों को घोषित समर्थन मूल्य नहीं मिला है।इसी कि लड़ाई कांग्रेस पार्टी सड़क से लेकर सदन तक लड़ रही है।

### किसानों की मांग में दिग्गज नेता होगें शामिल

बिछिया विधानसभा के ग्राम मांद में आयोजित हो रहे किसान न्याय आंदोलन में कांग्रेस के दिग्गज नेताओं का आगमन हो रहा है।जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ,पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह,प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी,नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार,पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव,पूर्व कैबिनेट मंत्री सज्जन सिंह वर्मा,उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे,युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मितेंद्र दर्शन सिंह,एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे सहित कांग्रेस के 25 से अधिक विधायक सम्मिलित हो रहे हैं।इस वृहद आंदोलन को लेकर तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं।यह पहली बार है जब मंडला में इतनी बड़ी संख्या में कांग्रेस के दिग्गज नेतागण एक साथ पहुंच रहे हैं। बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा ने जिले के किसानों से अधिक से अधिक संख्या में इस आंदोलन में सम्मिलित होने की अपील की है।

## सतपुड़ा ट्रॉफी 2025 पर आरसीसी बनखेड़ी का कब्जा खिताबी मुकाबले में नर्मदापुरम को हराया



**भगवान सिंह राजपूत/पिपरिया** - एकता स्पोर्ट्स क्लब के तत्वाधान में आयोजित राज्य स्तरीय लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता सतपुड़ा ट्रॉफी 2025 सीजन 4 का 20- 20 फाइनल मुकाबला 19 जनवरी दिन रविवार को दोपहर के समय आरएनए खेल मैदान पर नर्मदापुरम और आरसीसी बनखेड़ी के मध्य खेला गया। मैदान पर टॉस का बॉस आरसीसी बनखेड़ी बना और फील्डिंग करने का निर्णय लिया गया जिसमें नर्मदापुरम की पूरी टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 19 ओवरों में महज़ 125 रनों पर सिमट गई और बनखेड़ी के समक्ष 126 रनों का लक्ष्य रखा गया, आरसीसी बनखेड़ी ने काफी सधी हुई शुरुआत कर महज 15 ओवरों में 8 विकेट से यह मुकाबला अपने नाम कर जीत दर्ज की गई।

क्लब के सुब्रत बैनर्जी, शैलेष राय, सूरज राजपूत ने बताया कि- आरसीसी की तरफ 5 विकेट और 30 रन बनाने वाले त्रिपुरेश को मिला. मैन ऑफ द सीरीज अंकुश को दिया गया. सर्वश्रेष्ठ बॉलर पिपरिया के नितिन राज को मिला। चौधरी,अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक ठाकुरदास नागवंशी एवं विशेष अतिथि के रूप में जिला क्रिकेट संघ नर्मदापुरम संभाग सचिव अनुराग मिश्रा रहे,क्लब अध्यक्ष बलराम सिंह बैस , एसडीओपी मोहित कुमार यादव, राजेंद्र हरदेनिया, पूर्व विधायक हरि शंकर जायसवाल, संपत मूंदड़ा,सुब्रत लहरी, रंजीत खनूजा, राजू खनूजा,अमित श्रीवास्तव,सहित और भी अन्य अतिथि इस दौरान मंचासीन रहे ।

## ग्राम लिघोड़ा में आयोजित खंड स्तरीय शिविर में विधायक ने 3987 परिवारों के आबादी के भू अधिकार पत्र वितरण कार्यक्रम में की सहभागिता

सिरोंज। शनिवार को ग्राम लिधौडा में आयोजित खंड स्तरीय शिविर में विधायक उमाकांत शर्मा ने प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के अंतर्गत 54 पंचायतों के अंतर्गत 74 गांवों के 3987 ग्रामीण परिवारों को आवासीय पट्टों के वितरण कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए लिघोदा पंचायत के एक सौ दस हितग्राहियों को अधिकार पत्रों का वितरण किया। इस अवसर पर आयोजित शिविर में विधायक शर्मा ने ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों के साथ दिल्ली से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं सिवनी से मुख्यमंत्री के लाइव भाषण को भी सुना।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक शर्मा ने कहा कि आजादी के बाद से अब तक सरकारी राजस्व के नक्शे में किसी भी गांव की आबादी को गोल घेरा करके दर्शा दिया जाता था। उसके पास न उस जमीन का कोई स्वामित्व होता था न भू अधिकार का सरकारी कागज। पूरे देशभर के ग्रामीण अंचलों में यह एक बड़ी समस्या बनी हुई थी अनेक सालों तक देश में राज करने वाली कांग्रेस सरकार ने भी कभी गांवों में रहने वाली जनता की इस बड़ी समस्या पर कभी विचार नहीं किया। लेकिन पंडित दीनदयाल उपाध्याय के समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति के कल्याण के मंत्र पर काम करने वाली भारतीय जनता पार्टी के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुछ वर्षों पूर्व देश के प्रत्येक गाँव का ड्रोन से सर्वे करवा कर आबादी का नक्शा बनाने साथ गांव के आबादी क्षेत्र में रहने वाले प्रत्येक सामान्य,पिछड़े, अनुसूचित जाति ,जनजाति समाज के

आज जब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा प्रदेश के मुखिया मोहन यादव जी सीधे तौर पर पूरे देश प्रदेश में आवासीय भू अधिकार के पत्रक प्रदान कर रहें हैं तब मुझे प्रसन्नता हो रही है कि में भी अपनी विधानसभा क्षेत्र की सिरोंज तहसील के तीन हजार नौ सौ सत्तासी परिवारों को उनका मालिकाना हक दे रहा हूं। विधायक शर्मा ने कहा कि देश के संसाधनों पर पहला हक गरीबों का है और सरकार की योजनाओं का लाभ शत प्रतिशत उनको मिले ऐसा हमारा प्रयास रहता है। जैसे अभी तक आप अपनी कृषि भूमि के बदले बैंक से लेनदेन, तथा क्रय विक्रय करते हे उसी तरह अब आप



लोगों के घर के अधिकार पत्र मिल जाने से बैंकों से कीमत का साठ प्रतिशत लोन राशि बैंकों से ले सकेंगे।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से जनपद अध्यक्ष पुष्पा यादव,विधायक प्रतिनिधि हमीर सिंह यादव,कैलाश शर्मा संतोष चौरे,पूर्व जनपद अध्यक्ष संजीव माथुर, जितेंद्र बघेल,मौजूद रहें

### प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के मायने

इस योजना के अंतर्गत सरकारी रिकॉर्ड अनुसार गांव के आबादी क्षेत्रों में निवास करने वाले परिवारों के मकानों के अभी तक कोई सरकारी रिकॉर्ड नहीं होता था। सरकार ने ड्रोन के माध्यम से बारीकी से प्रतीक गांव का सर्वे करवाकर गांव की बसाहट के मुताबिक जिस परिवार का जितना कब्जा है उनको सर्वे के माध्यम से उतनी आवासीय भूमि का पट्टा बनकर प्रदान किया जाना है। इस योजना के माध्यम से एक तो हितग्राही को अपने मकान का मालिकाना स्वामित्व मिल गया इसके अलावा वह अब इस संपत्ति के आधार पर बैंकों से लेनदेन भी कर सकेंगे। इसके अलावा राजस्व रिकॉर्ड में गांव की आबादी दर्ज होने तथा उसके आसपास के एरिए की ड्रोन मैपिंग होने से प्रशासन को गांवों में स्कूल,आंगनबाड़ी,सड़क,पंचायत भवन,गौशाला तथा अन्य आगामी योजनाओं की प्लानिंग तथा क्रियान्वयन करने में सुविधा सहायता मिल सकेगी।

# मध्य प्रदेश के 7.50 लाख कर्मचारियों को नहीं मिला एरियर

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के 7.50 लाख से अधिक सरकारी कर्मचारी महंगाई भत्ता (डीए) की घोषणा के ढाई महीने बाद भी एरियर की पहली किस्त का इंतजार कर रहे हैं। वित्त विभाग ने 28 अक्टूबर 2024 को 4 प्रतिशत डीए दिया था। आदेश में कहा था कि जनवरी से सितंबर 2024 तक 9 माह का एरियर दिया जाएगा। पहली किस्त दिसंबर 2024 और जनवरी से मार्च 2025 तक अन्य तीन किस्तें देंगे पर कोषालय की वेबसाइड न खुलने से दिसंबर 2024 में पहली किस्त नहीं मिली।

कर्मचारियों ने एरियर की किस्त न देने को गंभीर लापरवाही बताते हुए जांच और दिसंबर-जनवरी की किस्त एक साथ देने की मांग की है। ऐसा करने पर कर्मचारियों को दो माह का 5000 से 50,000 रुपए एरियर



मिलेगा। मप्र तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री उमाशंकर तिवारी ने बताया कि 4त्न डीए जनवरी 2024 में मिलना था, सरकार ने इसे 9 माह बाद अक्टूबर 2024 से दिया। दिवाली के ठीक पहले मुख्यमंत्री ने घोषणा की थी और त्योहार से पहले ही उस महीने का वेतन दिया जाना था, इसलिए दिसंबर में डीए के एरियर की पहली किस्त देने के आदेश हुए थे, पर वित्त विभाग ने अपने ही आदेश का पालन नहीं किया। विभाग बिल कैसे लगाते, जब वेबसाइड ही नहीं खुली।

तिवारी कहते हैं कि यह पहली बार नहीं हुआ है। केंद्र सरकार ने जुलाई 2023 में 4 प्रतिशत डीए दिया था, जो राज्य सरकार ने अपने कर्मचारियों को 14 मार्च 2024 को दिया। वित्त विभाग के आदेश के अनुसार, एरियर की पहली किस्त जुलाई में ही दी जाना थी, जो नहीं दी गई। उसी परंपरा को अब दोहराया जा रहा है। वे कहते हैं कि इससे पहले भी प्रदेश में ऐसा होता रहा है। एक तो सरकार पहले से ही डीए देने में देरी करती है और फिर एरियर देकर भी समय से नहीं देती।

# लाडली बहना योजना से कट गए 3 हजार से ज्यादा बहनों के नाम

**भोपाल।** लाडली बहना योजना मध्यप्रदेश की लोकप्रिय और महत्वकांक्षी योजना में शामिल है। स्कीम की लाभार्थी महिलाओं के खातें में हर महीने 1250 रुपए की राशि ट्रांसफर की जाती है। जनवरी में मुख्यमंत्री ने शाजापुर से लाड़ली बहना योजना के तहत महिलाओं के खाते में 20वीं किस्त जारी की है, लेकिन इस बार 3 हजार 576 महिलाएं योजना से बाहर हो गईं। एक जनवरी को महिलाओं की उम्र 60 वर्ष से ऊपर हो गईं, जिसकी वजह से योजना से नाम हटा है। 3 हजार 576 महिलाएं सरकारी लाड़ली बहना नहीं रही हैं। इन्हें वृद्धावस्था पेंशन के लिए आवेदन करना होगा। नाम हटने की वजह से लाड़ली बहनाओं की सीएम हेल्पलाइन में शिकायतें बढ़ सकती हैं, क्योंकि जिनके नाम बाहर हुए हैं, वह शिकायत दर्ज कर रही हैं।

दरअसल विधानसभा चुनाव के पहले लाड़ली बहना योजना का रजिस्ट्रेशन किया गया था। इस योजना का लाभ उन महिलाओं को दिया गया, जिनके परिवार की आय 2.50 लाख रुपए है।

दूसरे चरण में उन महिलाओं को लाड़ली बहना योजना(ख्लुस्त्रद्यद्ध क्क्वद्धठ्ठ ड्ड्श्वद्गड्डठ्ठ) में जोड़ा गया, जिनके पति के नाम ट्रैक्टर था। शहर सहित जिले में 3 लाख 18 हजार 997 महिलाओं के आवेदन आए। जनवरी 2024 में बड़ी संया में महिलाएं योजना से बाहर हुई, क्योंकि उम्र 60 साल से ऊपर हो गई थी। जनवरी 2025 में भी बड़ी संया में महिलाएं बाहर हुई हैं। क्योंकि आधार कार्ड में महिलाओं की उम्र एक जनवरी है। इस कारण जनवरी में उम्र 60 ऊपर होने पर योजना से बाहर गई हैं। उनके खातों में पैसे नहीं आए हैं।

### आधार में दर्ज जन्म तिथि के आधार हुई हैं बाहर

शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में आधार बनाने के लिए कैंप लगाए थे। आधार के फॉर्म में जन्म तिथि अनिवार्य है, लेकिन जब ऑनलाइन आवेदन किया गया तो ऑपरेटर ने जन्म तिथि एक समान लिखा। एक जनवरी की तारीख लिखी गई। एक जनवरी की तारीख लिखे जाने की वजह से जनवरी 2024 में 3576 महिलाएं 60 साल की हो गई। 60 वर्ष से ऊपर की महिलाओं को वृद्धा पेंशन का लाभ मिलता है, जिसके चलते लाड़ली से बाहर हो जाती हैं। 413 महिलाओं को स्वेच्छा से योजना का लाभ छोड़ना बताया गया है। अब ये महिलाएं शिकायत कर रही हैं कि उन्होंने कहीं भी आवेदन नहीं किया। फिर कैसे नाम हट गया है। फिर से योजना के लाभ के लिए सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज की है।

# दगाबाज दोस्त ने शराब पिलाकर नशे में लूटी आबरू

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की राजधानी में एक छात्रा के साथ रेप का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपी छात्रा का दोस्त ही है जिसने पहले तो छात्रा को शराब पिलाई और फिर नशे का फायदा उठाते हुए छात्रा के साथ रेप किया और फरार हो गया। सुबह जब छात्रा की नींद खुली तो छात्रा के होश उड़ गए और वो तुरंत थाने पहुंची और आरोपी के खिलाफ रेप की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जल्द आरोपी को गिरफ्तार करने की बात कही है।

उत्तर प्रदेश की रहने वाली युवती भोपाल में रहकर क्लैट की तैयारी कर रही है। वो मिसरौद इलाके में रहती है। पीड़ित युवती ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि कोलार में रहने वाला दोस्त कुलदीप उससे मिलने के लिए आया था। जो घुमाने के बहाने उसे एक होटल में ले गया और फिर वहां पर जबरदस्ती उसे शराब पिलाई। जब युवती पर शराब का नशा चढ़ा तो आरोपी कुलदीप ने अपने घिनौने मंसूबों को अंजाम दिया। आरोपी कुलदीप युवती को होटल के एक कमरे में ले गया और वहां पर नशे की हालत में ही उसके साथ रेप किया। रेप करने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। सुबह जब युवती की नींद खुली तो अपनी हालत देख उसके होश उड़ गए। युवती होटल से निकलकर सीधे पुलिस थाने पहुंची और आरोपी कुलदीप के खिलाफ रेप की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने की बात कही है।









भोपाल। रोशनपुरा चौराहे पर कॉलेज के छात्र छात्राओं द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत हेलमेट चालकों को गुलाब के फूल भेंट करते साथ में पुलिसकर्मी।

# सीएम के ओएसडी लक्ष्मण सिंह मरकाम की पोस्ट मचा रही गदर, संविधान को लेकर उठा दी बड़ी बात

**भोपाल।** सीएम के ओएसडी लक्ष्मण सिंह मरकाम की एक पोस्ट ने बड़ी बहस को जन्म दे दिया है। दरअसल लोकसभा चुनाव में संविधान के जिस नरैटिव का जवाब क्ख्रक्कखोजने में असफल रही थी, मरकाम ने इसे एक दिशा दिखाने की कोशिश की है। मरकाम की यह पोस्ट सियासी गलियारों में चर्चा का विषय बन गई है। दूसरे शब्दों में कहा जाए तो उन्होंने संविधान की दुहाई देने वाले उस तबके को भी ललकारा है, जो संविधान का मर्म समझते ही नहीं।

**अमीरों की संविधान वाली किताब: लक्ष्मण सिंह मरकाम–** मेरे पुस्तकालय में ईबीसी की और साधारण वाली संविधान की पुस्तक काफ़ी समय से हैं, ईबीसी वाली पुस्तक, नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में एक लेक्चर के लिए गिफ्ट मिली थी क़ीमत उसकी उस समय 745/- की है, सामान्य वाली 70/- की है जो तैयारी के समय ख़रीदी थी। ईबीसी वाली एक सज्जन दिखाते रहते हैं, उसे पढ़े हैं कि नहीं कह नहीं सकते, साधारण वाली वही बात कहती है, संविधान एक ही है, अंग्रेज़ी में पढ़ने वाले का अलग, हिंदी में पढ़ने वाले का अलग।

हम लोग दुर्गादास बसु से पढ़े वाली पीढ़ी के हैं, अंग्रेजी वाले, अपने ही हरुमें पढ़े ग़रीब को जज बनाये जाने के पक्ष में नहीं हैं, हिंदी वाले, गांव के पढ़े को आईएएस भी बना देते हैं, वो पूरा सिस्टम सम्हाल सकने में सक्षम है, लेकिन न्याय तो वंशानुगत बुद्धिजीवी ही कर पाएंगे। ठीक उसी प्रकार देश का नेतृत्व नाक की लंबाई देखकर किया जाएगा।



असल में लाल किताब वाला संविधान खतरनाक है, क्यूंकि उसमे क़ीमत पन्नों की नहीं है, जिल्द की है।

लाल किताब वाले समझते तो हैं मानते नहीं हैं, समानता की बात करना और समानता का आचरण करना कठिन है।

अंग्रेजी वाली लाल किताब की प्रस्तावना में पांच राक्षसों की बात कही है

1. The Golems - NCB, ED , SFIO
2. The Cyclops - CrPC
3. The Hydra - क्षमता विहीन वकील
4. The Goggayya - जमानत का प्रश्न
5. The Vampires - आरोपी जनप्रतिनिधि

सवाल अंग्रेजी वालों से ये हैं कि जब न्याय ही बहुत मंहगा शौक है, उनके तो उदाहरण भी विदेशी हैं, और ग़रीब को न्याय इन्हीं अंग्रेजी संभ्रांत वर्ग चश्मे से मिलेगा, ग़रीब को न्याय के गलियारे कर्ज में डुबो देते हैं, अंग्रेजों की मानसिकता से जड़ों तक सिंचित लोग, बस जिल्द के शौकीन हैं, उनका संविधान के मर्म से कोई लेना देना नहीं है।

सबसे निचली न्याय व्यवस्था में भी ये अंग्रेजी मानसिकता वाले, किसी भी ग़रीब और एससी/एसटी वर्ग को उपयुक्त नहीं समझते, उनको लिखित परीक्षा में अच्छे अंक आने के बाद भी साक्षात्कार में फेल कर दिया जाता है, ताकि कल कोई निचली न्याय व्यवस्था का अनुभव लेकर, उच्च व्यवस्था में हिस्सेदारी ना मांग ले।

समानता , समता और समरसता भाषण का नहीं, आचरण का विषय है, आचरण बाहरी बदलाव नहीं आंतरिक यात्रा माँगता है, जैसे कोलंबस ने अमेरिका को खोज लेने का तमगा प्राप्त किया, कुछ नाक वालों ने डिस्कवरी ऑफ इंडिया का तमगा पा लिया, उस किताब के इंडिया में ना अंबेडकर थे, ना बुद्ध ना विवेकानंद।

उनकी डिस्कवरी की मानसिकता ने गरीबी को खोजा और गरीबी हटाने का फार्मूला भी खोज लिया, गरीबी तो हटी नहीं, ग़रीब बढ़ते रहे।

अब भी ये नींद से नहीं जागना चाहते, लाल किताब वाले संविधान को पढ़ने वालों के लिए ग़रीब और शोषित लैब के चूहे हैं, जो इनकी पीढ़ियों को सत्ता में काबिज होने के हुनर के लिए काम आयेंगे।

अश्वेत सूर्या, एक जिमनास्ट थी, उनकी कहानी इसी भेदभाव को इंगित करती है, उसने सबसे अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन अश्वेत होने के कारण उसे विजेता नहीं घोषित किया गया। उसने पोडियम के नीचे खड़े होकर दूसरे नंबर का मेडल लिया और, अगले मैच में बर्फ पर स्केटिंग करते हुए समरसोल्ट किया, जो आज तक कोई नहीं कर पाया है।

पूर्व को आदर्श मानने वाले भारत की हर बात को, भाषा को, ज्ञान को निम्नतर मानते हैं। जब तक उनके पश्चिम के चश्मे लगे हैं, उनको बस जिल्द की अहमियत दिखाई देगी।

संविधान, जिल्द नहीं उसके पन्नों पर लिखे काले अक्षरों की आत्मा है, जो जीवंत है, जागृत है, परिवर्तन कारी है, जो भी इसकी आत्मा से खिलवाड़ करेगा, उसे आज नहीं तो कल, कोई सूर्या दाँत दिखा देगी, कोई अम्बेडकर खड़ा होकर, जिल्द को तार तार कर देगा।

बर्बरीक की तरह इसकी यात्रा को देखने वाले, हर कमजोर के साथ खड़े होकर चिढ़ायेंगे, हवादार कमरों में अंग्रेजी में न्याय सुनाने वालों को ..

**– लक्ष्मण राज सिंह मरकाम,** शोधार्थी

सैफ अली खान पर हमला

# आरोपी ने कबूल किया जुर्म, पुलिस से कहा- हां, मैंने ही किया है, कई चौंकाने वाले खुलासे



**मुंबई।** सैफ अली खान पर हुए हमले के आरोपी मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद को आखिरकार पुलिस ने पकड़ लिया है। बांग्लादेश का रहने वाला यह आरोपी अपनी जुर्म की बात स्वीकार करते हुए पुलिस से बोला, हां, मैंने ही किया है। हमलावर ने बताया कि वह सैफ के घर में चोरी करने के इरादे से घुसा था और जब सैफ ने उसे रोकने की कोशिश की, तो उसने चाकू से हमला कर दिया।

**कैसे हुआ हमला?–** यह घटना 18 जनवरी 2024 की रात को सैफ अली खान के बांद्रा स्थित घर सतगुरु शरण की 12वीं मंजिल पर घटी। आरोपी ने सैफ पर चाकू से 6 वार किए और साथ ही उनके स्टाफ को भी घायल कर दिया। पुलिस को 70 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद रविवार (20 जनवरी) को ठाणे से आरोपी की गिरफ्तारी हुई।

**सैफ की हालत और इलाज–** सैफ अली खान पर किए गए इस हमले में उनकी रीढ़ की हड्डी में गहरी चोट आई थी, और डॉक्टरों ने 2.5 इंच लंबे टूटे हुए चाकू के टुकड़े को सैफ की रीढ़ से निकाला। चिकित्सकों का कहना था कि अगर चाकू और गहरे जाता, तो सैफ की जान को गंभीर खतरा हो सकता था। सैफ को दो सर्जरी भी करनी पड़ी, लेकिन अब उनकी हालत स्थिर है और वह तेजी से ठीक हो रहे हैं।

**आरोपी की गिरफ्तारी का तरीका–** पुलिस ने आरोपी मोहम्मद शरीफुल इस्लाम को ठाणे के हिरानंदानी एस्टेट के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी जंगल के पास स्थित एक मजदूर कैम्प में छिपा हुआ था। पुलिस ने उसे पकड़ने के लिए 100 जवानों की टीम बनाई और सात घंटे तक सघन सर्च ऑपरेशन किया। आरोपी गिरफ्तारी से पहले अपना हुलिया बार-बार बदलने की कोशिश कर रहा था, लेकिन पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल ट्रैकिंग की मदद से उसे पकड़ लिया।

**चौंकाने वाले खुलासे शाहरुख खान के घर की भी की थी रेकी–** आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसने सैफ के घर पर हमले से पहले शाहरुख खान और सलमान खान के घरों की रेकी की थी। उसने इन तीनों अभिनेताओं के घरों की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी जुटाई थी। यह उसके हमले की योजना का अहम हिस्सा था। पुलिस का मानना है कि आरोपी ने पहले से पूरी साजिश तैयार कर रखी थी।

### सैफ के घर की जानकारी पहले से जुटाई थी

आरोपी ने यह भी स्वीकार किया कि वह पहले हाउसकीपिंग कंपनी में काम करते हुए सैफ के घर जा चुका था। उस दौरान उसने सैफ के घर की अंदरूनी व्यवस्था और सुरक्षा इंतजामों की जानकारी ली थी, जिसे बाद में हमले की योजना में इस्तेमाल किया।

चाकू के दो हिस्से बरामद हमले के दौरान आरोपी ने सैफ अली खान से एक करोड़ रुपये की मांग की थी। जब सैफ ने विरोध किया, तो आरोपी ने चाकू से हमला कर दिया। चाकू तीन हिस्सों में टूट गया, और पुलिस ने दो हिस्सों को बरामद कर लिया है। सैफ की रीढ़ से निकाले गए चाकू के टुकड़े से यह पता चलता है कि हमलावर का हमला कितना गंभीर था।

सैफ अली खान पर हुए इस हमले ने न केवल बॉलीवुड, बल्कि पूरे देश को झकझोर दिया है। आरोपी के चौंकाने वाले खुलासे और पुलिस की तत्परता से यह साफ हो गया है कि हमलावर ने पहले से पूरी योजना बनाई थी। फिलहाल सैफ की हालत में सुधार है, और पुलिस इस मामले में आगे की जांच कर रही है।

# मेंटेनेंस लायक नहीं पार्वती ब्रिज, नया बनेगा: भोपाल-राजगढ़ की बॉर्डर पर है पुल; दोनों ओर मिट्टी डालकर रोका रास्ता

**भोपाल।** भोपाल और राजगढ़ जिले की सीमा पर पार्वती नदी पर बना 49 साल पुराना पुल मेंटेनेंस लायक भी नहीं है। एमपीआरडीसी (मप्र सड़क विकास निगम) की रिपोर्ट में इस ब्रिज से ट्रैफिक जारी रहने की स्थिति में जान-माल की हानि होने की आशंका जताई गई है। वहीं, नए ब्रिज को बनाने का सुझाव दिया है। ऐसे में अब वैकल्पिक रास्ते को जल्दी बनाने पर जोर दिया जा रहा है। ब्रिज का




एक हिस्सा धंस गया है। इस वजह से गुरुवार की रात से ही ब्रिज के ऊपर से आवागमन बंद कर दिया गया है। शुक्रवार को एमपीआरडीसी के 15 इंजीनियरों की टीम ने ब्रिज की जांच भी की थी। टीम ने वैकल्पिक रास्ते को बनाने पर जोर दिया था। इसलिए स्टॉप डैम के पास भरे पानी को उलिचा जा रहा है। हालांकि, वैकल्पिक रास्ते को बनने में एक सप्ताह का समय लग सकता है। तब तक के लिए रास्ता पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। बता दें यह पुल बैरसिया-नरसिंहगढ़ रोड पर है और 1976 में बनाया गया था। पुल बंद होने से यातायात पर असर पड़ा है।

**रात में चोरी-छुपे निकली गाड़ी, मिट्टी डाली–** शनिवार की रात में दो-तीन गाड़ियां चोरी-छुपे ब्रिज के ऊपर से निकल गई। इसके वीडियो भी सामने आए। इसलिए रविवार से ब्रिज के दोनों ओर मिट्?टी डाल दी गई। ताकि, कोई भी ब्रिज के ऊपर से नहीं निकल सके।

### एसडीएम ने एमपीआरडीसी को लिखा था लेटर

ब्रिज को लेकर एसडीएम आशुतोष शर्मा ने एमपीआरडीसी के संभागीय प्रबंधक को लेटर भी लिखा था। लेटर में लिखा था कि %पार्वती पुल क्षतिग्रस्त हो गया है। पुल से आवाजाही के कारण जान-माल के नुकसान की आशंका है। प्रारंभिक रूप से इस ब्रिज के पिलर के नीचे बड़ा गड्?ढा हो गया है। इसलिए जरूरी है कि नरसिंहगढ़-बैरसिया आने-जाने वाले वाहनों की आवाजाही पूर्ण रूप से बंद कर दिया जाए।% इसके बाद ब्रिज से आवागमन पूरी तरह से बंद कर दिया गया है।

# न्यूनतम वेतन दरों को लेकर श्रमिक संगठन 27 जनवरी को मशाल जुलूस निकालेंगे

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में न्यूनतम वेतन की पुनरीक्षित दरों के आदेश में विलंब के विरोध में श्रमिक संगठनों ने बड़े आंदोलन की घोषणा की है। सीटू भेल यूनियन कार्यालय में आयोजित बैठक में भोपाल के भेल, मंडीदीप फैक्ट्री, गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया, बुधनी और सीहोर जिले के श्रमिक नेताओं ने भाग लिया।

बैठक में सीटू के प्रदेश महासचिव प्रमोद प्रधान ने सभी श्रमिक नेताओं से संघर्ष जारी रखने का आह्वान किया। भेल सीटू के कार्यकारी महासचिव दीपक गुप्ता ने आरोप लगाया कि सरकार मजदूरों के अधिकारों पर कुठाराघात कर रही है। उन्होंने कहा कि श्रमिक संगठन किसी भी परिस्थिति में अपना संघर्ष जारी रखेंगे।

गुप्ता ने बताया कि हम पहले ही आंदोलन की चेतावनी दे चुके हैं। फिर भी सरकार ने आदेश जारी नहीं किए। इसलिए 27 जनवरी को मशाल जुलूस निकाला जाएगा और 10 फरवरी को श्रमायुक्त कार्यालय का घेराव किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण बैठक में पीएन वर्मा, रामबिहारी सिंह, राजीव गुप्ता और कमलेश सहित विभिन्न जिलों के श्रमिक नेता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश सीटू के सचिव पूषण भट्टाचार्य ने किया।

# प्रदेश में इस सप्ताह शीतलहर से राहत, भोपाल-इंदौर में धूप खिली

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में इस सप्ताह शीतलहर नहीं चलेगी। अगले 3 दिन प्रदेश के ग्वालियर, चंबल और रीवा संभाग में मध्यम से घने कोहरे का अलर्ट है। पूर्वी हिस्से यानी जबलपुर, रीवा, सागर और शहडोल संभाग में रात के टेम्प्रेचर में गिरावट जारी रहेगी।

आज सोमवार को भोपाल-इंदौर में धूप खिली है। सर्दी से भी राहत है। हालांकि, सुबह ग्वालियर, दतिया, श्योपुर, मुरैना, भिंड, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, सतना, मैहर, रीवा, मऊगंज, सीधी और सिंगरौली में कोहरा छाया रहा। प्रदेश के जिन शहरों में रात का तापमान 8 डिग्री और दिन में 22 डिग्री सेल्सियस से कम है, वहां मौसम विभाग ने स्कूलों की छुट्टी रखने का सुझाव दिया है। इसके अलावा अस्पतालों में इलाज की बेहतर व्यवस्था और मजदूरों को रात व सुबह के समय काम करने पर रोक लगाने के सुझाव भी दिए हैं।



### बर्फीली हवा की वजह से ठंड का असर

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, बर्फीली हवा की वजह से प्रदेश में ठंड का असर है। खासकर पूर्वी हिस्से में रात के तापमान में ज्यादा गिरावट हो रही है। रविवार को जेट स्ट्रीम हवा 240 किमी प्रतिघंटा से चली। सोमवार को भी ऐसा ही मौसम बना रहने का अनुमान है। कल ग्वालियर, दतिया, श्योपुर, मुरैना, भिंड, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, सतना, मैहर, रीवा, मऊगंज, सीधी और सिंगरौली में कोहरा रहेगा। 22 जनवरी को ग्वालियर, मुरैना, भिंड और दतिया में कोहरा छाया रहेगा।